23 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 152

न हाथी उड़ा, न ही उद्योगों का हुआ विस्तार : संजय यादव






# परिसीमन के नाम पर आदिवासी सीटें घटाना स्वीकार्य नहीं : हेमंत

- विधानसभा में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया संकेत
- जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं
- तमिलनाडु में सीएम स्टालिन द्वारा परिसीमन को लेकर बुलायी बैठक का किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा बुलायी गयी परिसीमन से संबंधित बैठक का समर्थन किया है। शनिवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने संकेत दिया कि परिसीमन के नाम पर आदिवासी सीटों को घटाना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सीटें क्यों घटेंगी, इस पर चर्चा होगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर परिसीमन के माध्यम से सिर्फ जनसंख्या के आधार पर विधानसभा या लोकसभा सीटों को सीमित करने पर सवाल उठाया।

**राज्य में सीट घटाने का विरोध:** मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यहां भी आदिवासी सीटों-आरक्षित सीटों को घटाने का प्रयास किया जा रहा था। काफी हंगामा हुआ, जिसके बाद इसे स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यहां सीट क्यों घटनी चाहिए, यह बात चर्चा में आयेगी। उसके बाद मीडिया को भी स्थिति से अवगत कराया जायेगा।

**बैठक का मैं स्वागत करता हूं :** हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा आज परिसीमन से संबंधित मुद्दे को लेकर बुलायी गयी बैठक का मैं स्वागत करता हूं। परिसीमन सिर्फ जनसंख्या के आधार पर सीमित करना निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है।



## परिसीमन को लेकर तमिलनाडु में पांच राज्यों के 14 नेता जुटे

चेन्नई (आजाद सिपाही)। राज्यों में लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर शनिवार को पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम की बैठक चेन्नई में हुई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई में यह बैठक बुलायी थी। इसमें पांच राज्यों के 14 नेता शामिल हुए। इस दौरान स्टालिन के नेतृत्व में एक ज्वाइंट एक्शन कमेटी बनायी गयी, जिसने परिसीमन पर प्रस्ताव पारित किया कि 1971 की जनगणना जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 साल तक बढ़ाया जाये। साथ ही कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू किया है, वहां संवैधानिक संशोधन लागू किये जायें। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर अगली बैठक हैदराबाद में होगी। बैठक में स्टालिन के अलावा केरल के सीएम पिनाराई विजयन, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी, ओड़िशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक समेत अन्य नेता शामिल हुए।

कल्पना सोरेन ने सदन में पूछा कितने ऋण की हुई प्राप्ति, मंत्री ने दिया जवाब

# केंद्र सरकार और निजी उपक्रमों की बकाया राशि की गणना कर रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे: सुदिव्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में मंत्री सुदिव्य सोनू ने शनिवार को कहा कि केंद्र और निजी उपक्रमों की बकाया राशि की गणना कर रिपोर्ट सार्जनिक करेंगे। यह राशि एक लाख 36 हजार करोड़ से भी बढ़ गयी है। इस बकाया को प्राप्त करने के लिए सदन से, वित्त मंत्री और सीएम के माध्यम से भी प्रयास किया गया। केंद्र का सहयोग नहीं मिलेगा, तो परेशानी होगी। वह सदन में कल्पना सोरेन के सवाल का जवाब दे रहे थे। कल्पना ने पूछा कि 2009 से 2014, 2014-2019 और 2019-20 के दौरान कितने ऋण की प्राप्ति हुई। इस पर मंत्री ने कहा कि यह जीएसडीपी का 3.5 से भी नीचे है। 2.27 प्रतिशत ऋण लिया है। कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसे की कमी नहीं है। अभी और 20 हजार करोड़ का ऋण ले सकते हैं।

**मंत्री ने आंकड़ों के साथ दी जानकारी :** मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2008-09 से 2013-14 तक 20,825.63 करोड़, वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक 42,956.46 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 9593.12 करोड़ ऋण प्राप्त हुआ है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में महालेखाकार के मासिक लेखा के अनुसार जनवरी, 2025 तक 2082.78 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के शेष दिनों में एवं आगामी वित्तीय वर्षों में राज्य सरकार एफआरबीएम एक्ट के अधीन रहते हुए आवश्यकतानुसार ऋण प्राप्त करेगी। सरकार अन्य राज्यों और झारखंड को मिले केंद्रीय करों का एक अध्ययन करायेगी।





## विस्तृत अध्ययन कर रिपोर्ट पेश करेंगे

हस्तक्षेप करते हुए कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से (2014 के बाद से) झारखंड के हिस्से में केंद्र द्वारा कहां-कहां कटौती की गयी है, उसका अध्ययन कर तथ्यों को पेश करें। मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि राज्य हित में सरकार अन्य राज्यों और झारखंड को मिले केंद्रीय करों का एक अध्ययन करायेगी। विस्तृत अध्ययन कर रिपोर्ट पेश करेंगे कि विकास किस स्तर तक प्रभावित हुआ । राज्य सरकार ने अपने प्रशासी विभागों के माध्यम से केंद्र द्वारा लगातार राशि की पिछले तीन वित्तीय वर्ष में मिली राशि का आंकड़ा पेश किया। इसके अनुसार 2022-23 में 6767 करोड़, 2023-24 में 6741 करोड़, और 2024-25 में 4434 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# चाइबासा में आइइडी ब्लास्ट में घायल एसआइ शहीद

## एयरलिफ्ट कर जवान को लाया गया था रांची



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/चाइबासा।** चाइबासा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान आइइडी ब्लास्ट की घटना हुई। यह घटना शनिवार को जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में हुई, जिसमें दो जवान घायल हो गये। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। उन्हें राज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल की मौत हो गयी। इस आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 193 बटालियन के हेड कांस्टेबल पार्थ प्रतिम डे भी घायल हुए थे।

बता दें कि सारंडा जंगली क्षेत्र में काफी संख्या में नक्सली कमांडर अपने दस्तों के साथ सक्रिय हैं। उन्होंने जगह-जगह आइइडी बिछा कर रखा है, जिस पर पैर पड़ते ही या हल्का प्रेशर बनते ही विस्फोट हो जाता है। सुरक्षाबल लगातार इस क्षेत्र में अभियान चला रहे हैं। लगभग हर दिन आइइडी बरामद किये जा रहे हैं।

# स्पीकर ने मंत्री हफीजुल का मोबाइल किया जब्त






सदन में फोन पर कर रहे थे बात, प्रदीप यादव ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** विधानसभा में शनिवार को एक अजीबोगरीब घटना घटी, जिसमें मंत्री हफीजुल हसन का फोन विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने जब्त कर लिया। यह घटना तब हुई, जब मंत्री हफीजुल हसन सदन में फोन पर बात कर रहे थे और विधायक प्रदीप यादव ने इसका विरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने मंत्री हफीजुल हसन का फोन जब्त करने के साथ-साथ मंत्रियों और विधायकों को सदन में फोन लेकर न आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न होता है।




# आइपीएल ओपनिंग सेरेमनी : शाहरुख खान विराट कोहली और रिंकू सिंह का रहा जलवा

- दिशा पाटनी ने 'मलंग-मलंग' पर परफॉर्म किया
- करण ने 'हुस्न तेरा तौबा-तौबा' गाया





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** आइपीएल के 18वें सीजन का शनिवार को धमाकेदार आगाज हुआ। कोलकाता के इडन गार्डंस स्टेडियम में आयोजित ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, विराट कोहली और रिंकू सिंह ने एक साथ डांस किया। कोहली ने 'झूमे जो पठान' और रिंकू सिंह ने 'मैं लुट गया' गाने पर शाहरुख के साथ स्टेप किये। सेरेमनी को शाहरुख खान ने होस्ट किया। उन्होंने पठान फिल्म के डायलॉग- 'पार्टी पठान के घर में रखोगे, तो मेहमान नवाजी के लिए पठान तो आयेगा और साथ में पटाखे भी लायेगा' से शुरुआत की। पहली प्रस्तुति श्रेया घोषाल ने दी। उन्होंने भूल भुलैया फिल्म के गाने 'मेरे ढोलना सुन' गाया। उसके बाद 'घूमर-घूमर और कर हर मैदान फतह' जैसे गाने गाये। फिर बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने 'मलंग-मलंग' गाने पर डांस किया। पंजाबी सिंगर करण औजला ने माहौल 'पूरा वेवी, हुस्न तेरा तौबा-तौबा' गाया। औजला की प्रस्तुति पर दिशा पाटनी ने भी परफॉर्म किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# वनांचल आंदोलनकारियों को लाभ देने से सरकार ने किया इनकार







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में शनिवार को सरकार ने एक महत्वपूर्ण एलान किया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के लिए आंदोलन करने वालों को ही पेंशन, नौकरी और क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा। वनांचल या अन्य मांगों को लेकर आंदोलन करने वालों को कोई लाभ नहीं दिया जायेगा। इससे पहले भाजपा विधायक अमित कुमार यादव ने सवाल उठाया था कि वनांचल के नाम पर आंदोलन करने वालों को लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाम भले ही अलग है, लेकिन इन लोगों ने भी अलग राज्य के लिए ही आंदोलन किया था।

### सीपी सिंह और सुदिव्य कुमार सोनू के बीच तीखी बहस

सीपी सिंह ने अमित कुमार यादव की बात का समर्थन किया और कहा कि समरेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने अलग राज्य के लिए आंदोलन किया था। इसलिए अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वाले सभी आंदोलनकारियों को लाभ मिलना चाहिए। लेकिन संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने तल्ख लहजे में कहा कि क्या वनांचल आंदोलन के किसी भी आंदोलनकारी ने लाठी खायी, जेल गये। चिराग ले लेकर ढूंढ़ने से भी नहीं मिलता है।

### सबसे बड़ा योगदान झामुमो और शिबू सोरेन का : हेमलाल

हेमलाल मुर्मू ने कहा कि झारखंड आंदोलन में सबसे बड़ा योगदान झामुमो और शिबू सोरेन का है। हमलोग लाठी खाये और जेल भी गये। आंदोलन में भाजपा की कोई सहभागिता नहीं है।

# गैर वानिकी कार्यों के लिए वन भूमि नहीं हो सकती हस्तांतरित : सुदिव्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने शनिवार को सदन में इटखोरी के भद्रकाली मंदिर के सर्वांगीण विकास का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि यह 493 करोड़ की योजना थी। पूर्व की सरकार ने 2017 में जापान की जेआइसीए से फंडिंग प्राप्त करने का निर्देश दिया था। इसके लिए केंद्र और राज्य से कोई राशि आवंटित नहीं की गयी है। 167 एकड़ भूमि में 126 एकड़ वन भूमि है। वन भूमि किसी गैर वानिकी कार्यों के लिए हस्तांतरित नहीं की जा सकती। परामर्शी की भी कार्यावधि पूरी हो चुकी है। वन क्षेत्र के बाहर पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए चतरा डीसी को लिखा गया है।

### तीन विधायकों ने कहा कि गलत आंकड़ा दिया जा रहा

कोलेबिरा के नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कोलेबिरा में पेयजलापूर्ति का मामला उठाया और कहा कि अब तक पानी नहीं पहुंचा है। वृहद जलापूर्ति योजना छह साल में भी पूरी नहीं हुई। इस मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि 63666 के विरुद्ध 61783 घरों में पानी पहुंचा दिया गया है, जो 97 फीसदी है। इस पर राजेश कच्छप ने कहा कि मंत्रीजी आंकड़ों की बाजीगरी में न जायें। भूषण बाड़ा ने भी कहा कि गलत जानकारी है। गुमराह करने वाला जवाब है। इस पर मंत्री ने कहा कि इसकी जांच करायी जायेगी। सदन को इससे अवगत कराया जायेगा।

## आवश्यकता से अधिक आवास होंगे, तो लीज देने पर किया जायेगा विचार : सुदिव्य



रांची (आजाद सिपाही)। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि स्मार्ट सिटी में मंत्रियों का बंगला बन चुका है। विधायक आवास का निर्माण कार्य अगस्त में पूरा हो जायेगा। जहां तक आवास के लीज की बात है, तो वह 33 साल के लिए आवंटित है। चक्रीय आधार है। अधिकारी-पदाधिकारी ट्रांसफर हो कर आते-जाते रहते हैं। आवश्यकता से अधिक आवास होंगे, तो लीज देने पर विचार करेंगे। वह झामुमो के समीर कुमार मोहंती के सवाल का जवाब दे रहे थे। मोहंती ने कहा कि मंत्रियों के लिए प्रोजेक्ट भवन के करीब स्मार्ट सिटी में और विधानसभा के सदस्यों के लिए वर्तमान विधानसभा के पास आवास का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार के मंत्रियों एवं विधानसभा के सदस्यों को शीघ्र ही इन आवासों को आवंटित किया जाना है। विधानसभा सचिवालय एवं राज्य सरकार के सचिवालय के पदाधिकारियों के लिए विधानसभा भवन के समीप ऑफिसर्स क्वार्टर बनाने की योजना नयी विधान सभा भवन के निर्माण के समय ही सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत है। वर्तमान में अधिकांश विधायक, मंत्री एवं राज्य सरकार के पदाधिकारी रांची के एचइसी टॉउनशिप अवस्थित एफ टाइप और इ टाइप के क्वार्टर में रह रहे हैं। इन आवासों की मरम्मत पर प्रतिवर्ष लगभग 200 करोड़ रुपये का सरकारी राजस्व व्यय होता है, जो नये निर्माण के बाद अनावश्यक सिद्ध होगा।

# महफूज को टॉर्चर करनेवाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो: बाबूलाल

**जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई का आश्वासन मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा में शनिवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू के एक परिवार पर जुल्म का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य महफूज को एक मार्च को पुलिस उठा कर ले गयी थी। पांच दिन तक उसकी पिटाई की और छह मार्च को जेल भेज दिया। वहां जब हालत बिगड़ी, तो उसे रिम्स में भर्ती कराया। उसका इलाज बेहतर हो और टॉर्चर करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो। इस पर प्रभारी संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने मामले को उठाया था।

आसन के आदेश के आलोक का अनुपालन करते हुए डीजीपी को पत्र लिखा जा चुका है। 48 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट डीजीपी को मिल जायेगी। इस आधार पर कार्रवाई जरूर होगी।



### रांची में पाइप लाइन बिछाने के क्रम में सड़कों को तोड़ने का मुद्दा उठा

# अपंग संस्था है जुडको: सीपी सिंह

**जुडको मेरा नहीं, कभी आपका भी था : सुदिव्य सोनू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने शनिवार को सदन में कहा कि राजधानी रांची में पाइप बिछाने का कार्य एलएनटी नागार्जुन एवं अन्य एजेंसियों द्वारा कराया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के क्रम में अच्छी सड़कों एवं नालियों को तोड़ दिया गया है एवं उसे पुनः उसी रूप में निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके कारण राजधानी वासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिन मुहल्लों में पांच वर्ष पूर्व पाइप लाइन बिछा दी गयी है, वहां अभी तक पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है, जिसके कारण नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि योजनाओं को धरातल में उतारने में कई समस्याएं आती हैं। हरमू के जल मीनार को लेकर भी आपत्ति हुई। इस तरह विलंब हो जाता है। एनएचएआइ से क्रांसिंग का एनओसी लेना काफी जटिल काम है। एनएचएआइ का मामला भारत सरकार का है। इस पर सीपी सिंह से कहा कि आप भी अपनी विधायी ताकत का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि मैंने जो पूछा, उसे पचा गये। मैं पचने नहीं दूंगा। दिशा की बैठक में एनएचएआइ से चर्चा की थी। पाइप बिछा दी गयी है, पानी कब मिलेगा। भाजपा विधायक ने कहा, जुडको की कारस्तानी के कारण सड़क चलने लायक नहीं है। यह अपंग संस्था है। जिस नाली या सड़क को तोड़ा गया, उसे ठीक करें। कालीकरण सड़क पर पीसीसी कर दिया गया है। लगता है भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हो गया है। एनएचएआइ को जोड़कर मुहल्लों और बाइलेन का काम कब पूरा होगा। इस पर मंत्री ने कहा कि 10 किलोमीटर में राइजिंग पाइप के लिए एनएचएआइ से एनओसी नहीं मिलने के कारण लंबित है। जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे। जुडको मेरा नहीं, कभी आपका भी था। आपके समय भी उसी गति से चलता था।

# कुछ सरना समितियों का रांची बंद शांतिपूर्ण रहा

**आम नागरिकों को रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कत का सामना न करना पड़े, इस बात का ख्याल रखा गया**

**पूर्णतः मुस्तैद रहा रांची पुलिस प्रशासन**







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिरम टोली फ्लाइओवर के रैंप के विरोध में कई सरना समिति के सदस्यों द्वारा आहूत रांची बंद और चक्का जाम शांतिपूर्ण रहा। पूरे शहर में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः मुस्तैद रहा। सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।

**पुलिस-प्रशासन ने संयम से लिया काम :** कई स्थानों पर बंद समर्थकों द्वारा आवागमन को कुछ समय अवरोध करने का प्रयास किया गया। बंद समर्थकों में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल थे, लेकिन प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस बल द्वारा संयम से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए स्थिति को सामान्य बनाये रखा गया। बंद के दौरान महिला बंद समर्थकों को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी।

**आवश्यक सेवाएं बाधित नहीं हुईं :** आवश्यक सेवाएं बाधित ना रहें, इस बात को प्रशासन ने सुनिश्चित किया। अस्पताल, एंबुलेंस, दवा की दुकान और परीक्षार्थियों को बंद से किसी तरह की परेशानी न हो यह भी प्रशासन ने सुनिश्चित किया। पुरुलिया रोड सहित अन्य स्थान पर परीक्षा के लिए केंद्र तक पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। सभी प्रमुख स्थलों में प्रदर्शन और प्रदर्शनकारियों की वीडियोग्राफी की गयी है। इन वीडियोग्राफी का जिला पुलिस द्वारा अवलोकन और समीक्षा किया जायेगा, इसके बाद आवश्यकतानुसार, नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### रांची बंद सफल रहा : बबलू मुंडा

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाइओवर के रैंप को हटाने की मांग को लेकर पूर्व घोषित रांची बंद में केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ रांची बंद कराने निकले। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि रांची के चारों ओर सरना धर्मावलंबी ने सड़क पर उतरकर रांची बंद कराने का कार्य किया। विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा जांच समिति बनाकर समस्या का समाधान करने की बात कही थी। मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि सरना स्थल से छेड़छाड़ करना आदिवासी समाज के साथ आघात है। चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा ने कहा कि शांतिपूर्वक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बंद कराया। बंदी में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा, विकास संगा, प्रकाश मुंडा, प्रेम लिंडा, नाइन लिंडा, बादल नायक, आशीष लिंडा, कैलाश मुंडा, महादेव टोप्पो, अमर टोप्पो, पनीर मुंडा, मुन्ना हेमरोम, राहुल मुंडा, ओम वर्मा, हरिश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कोकर में फूलचंद तिर्की ने बंद कराया

रांची (आजाद सिपाही)। सिरम टोली सरना स्थल के समीप रैंप हटाने की मांग को लेकर केंद्रीय सरना समिति के सदस्य रांची बंद को लेकर हजारों की संख्या में शिव मंदिर, कोकर चौक के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सरकार से सरहुल पर्व से पहले सिरमटोली सरना स्थल के समीप रैंप हटाने की मांग किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि यदि सरकार सरहुल से पहले सरना स्थल के समीप रैंप को नहीं हटाती है तो आदिवासी समुदाय आंदोलन और तेज करेगा। रांची बंद के समर्थन में कोकर टुंकी टोली, जामुन टोली, पहान टोली, तिरिल सरना टोली आदि जगहों से लोग शामिल थे। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, विनय उरांव, भुनेश्वर लोहरा, सत्यनारायण लकड़ा, नीरा टोप्पो, उषा खलखो, शुकवारो उरांव, कंचन उरांव, सोहम कच्छप, अरुण तिर्की सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवैध बंदूक फैक्ट्री मामले में करायें जांच: नागेंद्र महतो

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने शनिवार को सदन में कहा कि बगोदर विधानसभा क्षेत्र की बेको पश्चिमी पंचायत के ग्राम घंघरी निवासी रियासत अंसारी के अर्धनिर्मित भवन में वर्ष-2021 में अवैध बंदूक फैक्ट्री संचालन का उद्भेदन हुआ था। इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह बंगाल का मामला है। जांच पड़ताल में कोई भी हथियार नहीं मिला। अगर कोई साक्ष्य है, तो सरकार कार्रवाई करेगी।

### सभी जिले में प्रेस क्लब की स्थापना हो : कुशवाहा शशिभूषण

रांची (आजाद सिपाही)। पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा शशि भूषण ने शनिवार को विधानसभा में पलामू के साथ हरेक जिले में प्रेस क्लब की स्थापना की मांग की। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जिस जिला में निर्माण नहीं हुआ है, वहां जिलास्तरीय अनुशंसा की जाये। उसे प्राथमिक स्तर पर बनाने का प्रयास करेंगे। एक साथ सभी जिलों पर निर्माण करने से नीतिगत निर्णय लेना होगा। हम पूरे जिले में प्रेस क्लब देने को तैयार हैं।

# एक महीने में बनेगी अनुसूचित जाति आयोग की नियमावली : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन शनिवार को मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि एक महीने के अंदर अनुसूचित जाति आयोग के गठन की नियमावली बना ली जायेगी। विधि विभाग ने अनुमोदन दे दिया है। कार्मिक और वित्त विभाग से अनुमोदन होना बाकी है। काफी मजबूत नियमावली बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सदन में जितने भी एससी सदस्य हैं, वे अपना सुझाव दे सकते हैं। पदाधिकारी एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। चमरा लिंडा शनिवार को सदन में मंजू देवी के सवाल का जवाब दे रहे थे। रौशन लाल चौधरी ने पूछा कि दर्जनों आयोग का गठन नहीं हो पाया है। कब तक होगा।

# देवघर में दूर किया जाये पानी संकट: सुरेश पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सुरेश पासवान ने देवघर शहर में पानी संकट का मुद्दा उठाया। देवघर में पेयजलापूर्ति की 374 करोड़ की योजना है। पुनासी डैम से पानी देना था। अब 2026 में पूरा करने का समय दिया गया है। 78 टैंकर से शहर को पानी दिया जा रहा है। इस संकट को दूर करें। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि इस योजना के टेंडर का निष्पादन तीन जुलाई 2020 को हुआ। यह 287 करोड़ की योजना है। योजना की 68 फीसदी भौतिक प्रगति हो चुकी है। एनओसी लेने में समय लगता है। फिलहाल 78 टैंकर से पानी दिया जा रहा है। 1183 चापानलों को दुरुस्त कर दिया गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.5 °c | 14.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.00 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.51 बजे |



### ओलावृष्टि से हुई क्षति का मामला विधानसभा में उठा

# डीसी से तीन दिन के अंदर मांगी गयी है रिपोर्ट: शिल्पी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में शनिवार को राज्य में हुई ओलावृष्टि का मुद्दा उठा। सदन में कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि कई जिलों में ओलावृष्टि से काफी क्षति हुई है। गुमला में 400 ग्राम तक का ओला गिरा। कई मकान टूट गये। फसलों को भारी नुकसान हुआ है। तत्काल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। झामुमो के अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर और गढ़वा के कई प्रखंडों में ओलावृष्टि से काफी क्षति हुई है। तत्काल व्यवस्था की जाये। इस पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सभी जिलों के डीसी से तीन दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी गयी है। इसके बाद आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से राशि उपलब्ध करायी जायेगी।




### होल्डिंग टैक्स में काफी असमानताएं हैं : नीरा यादव

# सर्किल रेट के आधार पर दर का निर्धारण होता है : सुदिव्य सोनू

**जुलाई में बैठक होगी, तो सारी बातों को रखा जायेगा : रामदास सोरेन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोडरमा की भाजपा विधायक नीरा यादव ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि झारखंड नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) (संशोधन) नियमावली, 2022 के अनुसार अब शहरी क्षेत्रों में आवासीय और गैर आवासीय भवनों के लिए होल्डिंग टैक्स वार्षिक किराया मूल्य की बजाय सर्किल रेट पर लगाया जा रहा है। इससे शहरी क्षेत्रों के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कोडरमा जिले के शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों से आदिनांक वार्षिक किराया दर अधिक वसूला जा रहा है, जबकि कोडरमा में जमीन की कीमत और फ्लैट का रजिस्ट्रेशन अन्य जिलों की तुलना में अधिक है। इससे यहां के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि डीसी की अध्यक्षता में कमेटी द्वारा दर का निर्धारण किया जाता है। अगस्त की पहली तारीख को दर तय हो जाती है। जुलाई में बैठक होगी, तो सारी बातों को रखा जायेगा। जो भी निर्णय होगा, आपको अवगत करा दिया जायेगा। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि सर्किल रेट के आधार पर दर का निर्धारण होता है। पिछले वर्षों में रजिस्ट्री जिस मूल्य पर होती है, उसी के आधार पर सर्किल रेट का निर्धारण होता है। फिर भी सरकार कोई रास्ता निकालेगी। इस पर नीरा यादव ने कहा कि इसके लिए कमेटी बना दी जाये, जिसमें रिटायर्ड नगर प्रशासक को भी रखा जाये।





# डॉक्टरों के डायनेमिक एसीपी का अध्ययन करेगी सरकार : इरफान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के हेमलाल मुर्मू ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि झारखंड में तीन हजार लोगों की आबादी पर एक चिकित्सक है, जबकि डब्ल्यूएचओ के मानक अनुसार एक हजार लोगों पर एक चिकित्सक होना चाहिए। विगत तीन वर्षों में सात सौ से अधिक डॉक्टर झारखंड छोड़कर चले गये हैं। परिणामतः राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों की कमी है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 1100 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गयी थी। लेकिन वर्तमान में सिर्फ 115 ही बचे हैं। झारखंड में नया (डायनेमिक एसीपी) लागू नहीं है, जबकि देश के अधिकांश राज्यों ने इसे लागू कर दिया है। एक तरफ तो राज्य में चिकित्सकों की कमी है, दूसरी तरफ राज्य में चिकित्सकों द्वारा निजी प्रैक्टिस और अन्य तरीकों से महंगे और अनावश्यक इलाज किये जा रहे हैं, जो राज्य के मध्यम एवं गरीब लोगों के लिए प्रतिकूल है। यही कारण है कि 25 फरवरी को कुश्ती में घायल राज्य के एक किशोर पहलवान की पैसे के अभाव में रिम्स में भर्ती के दौरान मौत हो गयी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि स्पेशिलिस्ट डॉक्टरों के 1005 पद के विरुद्ध 275 और मेडिकल ऑफिसर के 2158 पद के विरुद्ध 1239 ही कार्यरत हैं। जहां डायनेमिक एसीपी लागू है, वहां उसका अध्ययन करेंगे। नियामक प्राधिकार के लिए टीम गठित कर एम्स भेजा जायेगा। इसके बाद जरूरी लगेगा तो लागू करेंगे। पहलवान के आश्रित को लाभ दिया जायेगा।



# न हाथी उड़ा, न ही उद्योगों का हुआ विस्तार : संजय यादव

**राज्य में उद्यमियों को एक छत के नीचे सभी सेवा मिलेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सदन में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 के समय तत्कालीन सरकार ने हाथी उड़ाने का प्रयास किया। न हाथी उड़ा और न ही उद्योगों का विस्तार हुआ। डबल इंजन की सरकार भी इस राज्य का भला नहीं कर पायी। 2019 में हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हरसंभव प्रयास किया गया। सरकार राज्य में अगले वित्त वर्ष में 20 हजार करोड़ रुपये का पूंजी निवेश लाने का प्रयास करेगी। एमएसएमइ के प्रोत्साहन के नीति बनायी जायेगी। मंत्री भोजनावकाश के बाद श्रम विभाग के बजट पर हुए वाद-विवाद में उठाये गये मामलों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार आइटीआइ में प्रशिक्षण का स्तर और बेहतर करेगी ताकि यहां के युवाओं को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद 493 प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति सरकार ने की है।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन। मित्र-कुटुंबियों का सहयोग। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**वृष** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, विरोधियों पर विजय। सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मिथुन** सामाजिक-राजनीतिक संपर्क प्रभाव का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**सिंह** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगा। धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

**धनु** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा। माता पिता का सहयोग। प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**मकर** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार, विगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में आशातीत लाभ। संतान पक्ष की चिंता दूर होगी।

**मीन** नयी आशाओं का उदय। धैर्य एवं साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# बंधु तिर्की के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**राज्य में खुशहाली की सामूहिक दुआ की गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान में रोजेदारों के लिए दावत-ए-इफ्तार का मौका खास होता है। इस मौके पर राज्य में खुशहाली और भाइचारगी की सामूहिक दुआ की गयी। इस अवसर पर मो नवाब ने मगरीब के द्वारा नमाज अदा करायी। दावत-ए-इफ्तार के बाद पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता और सौहार्द्र का संदेश देता है। साथ ही वर्षों से चली आ रही गंगा-जमुनी तहजीब की विरासत को और मजबूती प्रदान करता है। दावत-ए-इफ्तार में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, समाज सेवी मुजीब कुरैशी, प्रो आरिफ हसन, एनामुल हक, अतहर इमाम, मो इस्लाम, इबरार अहमद, जय सिंह यादव, राजेश गुप्ता, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति सहित कई अन्य नेता शामिल थे।



नयी दिल्ली में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व गृह मंत्री एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आशीर्वाद प्राप्त करने सौभाग्य मिला।

## मंत्री दीपक बिरुवा से मिला अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल, कहा

# झारखंड आंदोलनकारियों को अधिकार और सम्मान मिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आंदोलनकारियों के अधिकारों और सम्मान की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री दीपक बिरुवा से मिला। इस दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आंदोलनकारियों के अधिकारों और सम्मान की विभिन्न मांगें शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल में अभिषेक शुक्ला, आंसुतोस कुमार, विशाल यादव, अभिषेक झा, और आशीष चौधरी शामिल थे। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि वे आंदोलनकारियों के अधिकारों और सम्मान की मांगों पर विचार करें। ज्ञापन में कहा कि झारखंड आंदोलनकारी वे महान विभूतियां हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष और बलिदान से झारखंड राज्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके त्याग और बलिदान को उचित सम्मान और संरक्षण प्रदान करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आंदोलन में भाग लेने वाले सभी आंदोलनकारियोंके चिह्निकरण प्रक्रिया में तेजी लायी जाये। आधार वर्ष 2000 निर्धारित कर उन आंदोलनकारियों को सूचीबद्ध किया जाये।



जिन आंदोलनकारियों ने सात दिन या अधिक जेल यात्रा की हो अथवा आंदोलन के दौरान घायल हुए हों, उन्हें अथवा उनके आश्रितों को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार सीधी नियुक्ति दी जाये। अब तक नियुक्त आंदोलनकारियों की संख्या सार्वजनिक की जाये एवं शेष को अविलंब रोजगार दिया जाये। जिन आंदोलनकारियों की आयु 50 वर्ष से अधिक हो गयी है और वे सरकारी सेवा के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाये।

सभी चिह्नित आंदोलनकारियों को बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने की विशेष सुविधा प्रदान की जाये। निजी संस्थानों की नियुक्तियों में भी झारखंड आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को आरक्षण सुनिश्चित किया जाये। ऐसे झारखंड आंदोलनकारी, जिनके विरुद्ध कानूनी मुकदमे दर्ज किये गये थे, उन्हें अनुग्रह राशि प्रदान करने का निर्णय लिया जाये।

2004 तक मुकदमों का सामना करने वाले आंदोलनकारियों को रु.1,00,000, अन्य मामलों में रु. 75,000 एवं रु. 50,000 की राशि दी जाये। आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को अविलंब वापस लिया जाये। जिन आंदोलनकारियों को किसी कारणवश सरकारी सेवा नहीं मिली, उन्हें रु. 10,000 प्रतिमाह की पेंशन दी जाये। जो आंदोलन के दौरान विकलांग हुए, उन्हें रु. 15,000 प्रतिमाह पेंशन दी जाये। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार आंदोलनकारियों को रु. 10,000 मासिक पेंशन प्रदान की जाये। झारखंड आंदोलन में शहीद हुए वीरों की स्मृति में भव्य स्मारक और संग्रहालय का निर्माण कराया जाये।

आंदोलनकारियों के बच्चों को सरकारी, निजी विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। राज्य सरकार आंदोलनकारी परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू करे, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधा न हो। स्वतंत्रता सेनानियों की तर्ज पर ट्रेन की यात्रा में झारखंड राज्य आंदोलनकारियों को रियायत की सुविधा दी जाये।

# ब्राउन शुगर खरीद-बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बिहार के सासाराम से रांची में ब्राउन शुगर की सप्लाई हो रही है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनमें राहुल शर्मा और मोनू वर्मा शामिल हैं। इन दोनों को पुलिस ने विद्यानगर के मछली चौक के पास से गिरफ्तार किया है। इन दोनों युवकों के पास से पुलिस ने 7.64 ग्राम ब्राउन शुगर, बाइक और फोन बरामद किया है। शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई थी कि विद्यानगर के इलाके में ब्राउन शुगर का कारोबार संचालित हो रहा है, जिसके बाद या छापेमारी अभियान चलाया गया। दोनों युवकों ने पुलिस को बताया कि विद्यानगर सुखदेवनगर, करमटोली, हरमू मैदान (अरगोड़ा), जगरनाथपुर, हिनू और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बिक्री करने का काम करते हैं।

# तमिलनाडु के जीएम इनियन पीए को प्रथम स्थान मिला

## सरला बिरला विवि में नेशनल रैपिड चेस चैंपियनशिप का तीसरा दिन



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में हो रहे 'नेशनल रैपिड चेस चैंपियनशिप 2024-25' के तीसरे दिन ग्यारहवें चक्र की समाप्ति के बाद प्रथम स्थान पर काबिज जीएम इनियन पीए (तमिलनाडु) को पुरस्कार स्वरूप 75,000 रुपये, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले जीएम प्रणेश एम (तमिलनाडु) को 60,000 रुपये, तृतीय स्थान पर जीएम निखिल (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) को 50,000 रुपये, चौथे स्थान पर जीएम दीप्त्यान घोष (आरएस पीबी) को 40,000 रुपये और पांचवां स्थान हासिल करने वाले जीएम के वेंकटरमण (आंध्र प्रदेश) को 30,000 रुपये की राशि मिली।

इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पच्चीस प्रतिभागियों को कुल चार लाख रुपये की इनामी राशि दी गयी। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन, कुलसचिव श्रीधर डांडीन, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रो विजय कुमार सिंह समेत आयोजन संयोजक मनीष कुमार, सचिव नवजोत अलंग ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समारोह में कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रभात, दीपक, संतोष, अशोक सिंह समेत चीफ आर्बिटर श्रीवत्सन आर, फेयर प्ले खिलाड़ी अनुपम भट्टाचार्य, पूर्णिमा एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद सह मुख्य संरक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं।

# रामनवमी और नवरात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को रामनवमी एवं नवरात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी में कलश यात्रा निकालने निर्णय लिया गया। 28 मार्च को सुबह 7:00 बजे से शिव दुर्गा मंदिर से 108 महिलाओं द्वारा कलश उठाया जायेगा, जो कलश यात्रा हरि ओम मंदिर होते हुए, काली मंदिर होते हुए, भक्ति चौक, झंडा चौक होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी पहुंचेगी। 29 मार्च को संध्या 4:00 बजे से सुंदर कांड का सामूहिक पाठ मंदिर प्रांगण में होगा। मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवरात्र नवरात्रों के दिनों में श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ 30 मार्च से 06 अप्रैल तक प्रात 7:00 बजे से 10:00 बजे तक होगी। महा अष्टमी के दिन रात्रि में 9:00 बजे 1008 ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी और भजन कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 11:00 बजे तक होगा। रामनवमी महोत्सव कार्यकम 11:00 से दोपहर 3:00 बजे तक भजन कीर्तन का



कार्यक्रम एवं विशाल भंडारा होगा।

दसमी के दिन सुबह 10:00 बजे से हवन एवं ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा, मनोहर लाल जसूजा, चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, सुनील कटारिया चंदन सिडाना, किशोरी पपनेजा, अंचल किंगर, हरीश मनूजा, नरेश खत्री, मनीष मुंजाल, मुकेश तलेजा, जिमी अरोड़ा, विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गखड़, देवराज मनूजा, विजय जसूजा, अनिल मुंजाल, मुकेश सिडाना, गगन अरोड़ा, रोहित तलेजा, पवन पपनेजा, एवं समाज के बहुत सारे लोग उपस्थित हुए।

# 'रामनवमी शोभायात्रा के दौरान झंडाधारियों को पूर्ण सुरक्षा मिले'

**श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों संग डीसी ने की बैठक**

**रामनवमी के सफल आयोजन के लिए कई मुद्दों पर हुई बात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय सिंह यादव के सानिध्य में पदाधिकारियों ने उपायुक्त से उनके कार्यालय में भेंट की। अध्यक्ष जय सिंह यादव ने बताया कि आगामी श्री रामनवमी महोत्सव को देखते हुए उपायुक्त से रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए चर्चा हुई। आगामी 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के मौके पर भगवान श्री राम की शोभायात्रा में झंडाधारियों को शोभायात्रा मार्ग पर पूर्ण सुविधा सुरक्षा के साथ उपलब्ध कराया जाये। रांची जिला में 1929 से कुल 56 पुराने लाइसेंस धारी हैं। शहर की जनसंख्या बढ़ गयी है सो लाइसेंस धारी की संख्या भी बढ़ायी जानी चाहिए।

साथ ही मांग की लाइसेंस अखाड़ाधारियों को सरकार की ओर से 50000 हजार की राशि सहयोग के रूप में दी जानी चाहिए। शोभायात्रा के सभी मार्गों पर अखाड़ा धारी व झंडाधारियों के लिए मुख्य पथ पर साफ-सफाई की सुविधा, सड़क के गढ्ढे की मरमती, लाइट की सुविधा, पीने के पानी की सुविधा सहित शोभायात्रा के सभी मार्गों पर बिजली लाइट जेनरेटर युक्त की सुविधा की मांग की। रामनवमी के दिन शोभायात्रा के समय बड़े वाहनों का प्रवेश शहर में प्रतिबंधित रहे। जिससे दूर दराज ग्रमीण क्षेत्रों के परिधि से निकलने वाले शोभायात्रा को तपोवन मंदिर तक जाने में कोई कठिनाई ना हो। प्रशाशन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जायें, यातायात व्यवस्था में परिवर्तन कर मुख्यमार्ग को शोभायात्रा के लिए सरल और सुलभ बनाया जाये। प्रशासन का समन्वय श्री महावीर मंडल के सदस्यों के साथ अच्छा रहे व अखाड़ाधारियों को समय पर लाइसेंस निर्गत किया जाये जिससे समय पर झंडाधारियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाये। अनावश्यक अराजकता फैलाने वाले व्यक्ति को प्रशासन चिह्नित करे, नाशखोरों को चिह्नित करें, मादक द्रब्य और शराब बिक्री पर उस दिन प्रतिबंध रहे।

अध्यक्ष जय सिंह यादव, आलोक दुबे, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, राहुल सिन्हा चंकी, मंत्री सुभाष साहू सह मंत्री बलराम, संतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, दीपक ओझा, केंद्रीय युवा महावीर मंडल के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल, सागर, प्रमोद श्रीवास्तव, राजू यादव, अशोक यादव, संजय पोद्दार, कमलेश यादव, बंटी सिंह राजपूत सहित कई लोग मौजूद थे।

## हुटुप गौशाला धाम में श्रीराम कथा का छठा दिन

# राम का वनवास सत्य, धर्म और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण का प्रतीक : संगीता किशोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हुटुप गौशाला धाम में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचिका संगीता किशोरी ने वन गमन एवं केवट प्रसंग पर एक मार्मिक और गहन कथा प्रस्तुत की। वन गमन का प्रसंग में संगीता किशोरी ने राम के वन गमन की कथा को भावनाओं और त्याग के साथ जोड़ा। जब राजा दशरथ ने राम को अयोध्या का राजा बनाने का निर्णय लिया, तो यह रानी कैकेयी की द्वार से उपजी प्रतिज्ञा के कारण राम को अपने परिवार और घर को छोड़कर वनवास जाना पड़ा। किशोरी जी ने इस प्रसंग के माध्यम से यह बताया कि राम का वनवास केवल एक भौतिक यात्रा नहीं थी, बल्कि यह एक महान आत्मिक तपस्वी जीवन का हिस्सा था। राम का वनवास सत्य, धर्म और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण का प्रतीक था। उनके वन गमन ने यह सिद्ध किया कि संसारिक सुख और पद-प्रतिष्ठा से कहीं बड़ा है धर्म और आत्मिक शांति। केवट प्रसंग कथा में केवट के राम से मिलन को भी अत्यधिक मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया गया। जब राम और लक्ष्मण गंगा के किनारे पहुंचे और केवट ने उन्हें नाव में बैठाकर पार करने का प्रस्ताव रखा, तो संगीता किशोरी ने केवट की भक्ति को बेहद सजीव तरीके से चित्रित किया। केवट की भक्ति केवल बाह्य रूप से नहीं, बल्कि उसके हृदय की गहराई में बसी हुई थी। उसने राम से कहा कि वह उनकी सेवा करने के लिए तैयार है, लेकिन उसे उनका चरणामृत प्राप्त करने की इच्छा है। यह प्रसंग यह सिद्ध करता है कि भगवान की भक्ति किसी भी रूप और स्थान से हो सकती है, और भगवान अपने भक्तों के प्रेम को सर्वोच्च स्थान देते हैं। संगीता किशोरी की कथा में हर प्रसंग जीवन के गहरे अर्थ को उजागर करता है। वन गमन और केवट प्रसंग ने हमें यह सिखाया कि जीवन में कठिनाइयां, त्याग और समर्पण के बावजूद सच्चे कर्तव्य का पालन करना चाहिए। श्रीराम के आदर्शों का पालन करके हम अपने जीवन को पवित्र और सार्थक बना सकते हैं।

इस दिन की कथा ने सभी श्रोताओं को जीवन के सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। यह श्रीराम कथा न केवल धार्मिक ज्ञान का भंडार है, बल्कि हमारे जीवन को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। कथा के दौरान जीवंत झांकियां देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। छठे दिन भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर-कार्यक्रम के संयोजक बासुदेव भाला एवं मुकेश काबरा, किशन साबू, प्रदीप राजगढ़िया, महेश्वर सिंह, अनिल साबू, किरण साबू, प्रेमलता काबरा, रेणु फ्लोर, सूची राजगढ़, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं पुरुष उपस्थित थे। 23 मार्च रविवार को श्री राम कथा में शबरी प्रसंग पर कथा होगी। अपराह्न- 11:30 बजे से कथा स्थल में महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।


# वीणा हॉस्पिटल में मुफ्त परामर्श शिविर आज


**रांची (आजाद सिपाही)। पंडरा के बाजार समिति स्थित वीणा हॉस्पिटल में रविवार को मुफ्त परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने दी है। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि वीणा हॉस्पिटल की ओर से हरेक रविवार को मुफ्त परामर्श शिविर का आयोजन होता है। इसी के तहत रविवार की सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में ऑर्थोपेडिक स्पाईन सर्जन डॉ अमित कुमार अपनी सेवा देंगे। बताते चलें कि डॉ अमित पीजीआइ चंडीगढ़ में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। फिलहाल वह वीणा हॉस्पिटल पंडरा में अपनी सेवा दे रहे हैं। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डीएनबी (ओबीजी) डॉ सिमा सिंह भी मरीजों की जांच करेंगी और उन्हें नि:शुल्क परामर्श देंगी। बताते चलें कि डॉ सिमा सिंह टीएमच जमशेदपुर में लंबे समय तक सेवा दी है। फिलहल वह वीणा हॉस्पिटल में सेवा दे रही हैं। रविवार को आयोजित मुफ्त परामर्श शिविर में वह मरीजों को परामर्श देंगी।**

# 31 मार्च तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें, नहीं तो भरना पड़ सकता है जुर्माना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के होल्डिंग टैक्स भुगतान की समय सीमा समाप्त होने में अब केवल नौ दिन शेष हैं। रांची नगर निगम ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे 31 मार्च 2025 से पहले अपना बकाया होल्डिंग टैक्स जमा कर दें। निर्धारित तिथि के बाद भुगतान करने पर अतिरिक्त जुर्माना देना होगा। रांची नगर निगम ने बड़े बकायेदारों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया है। इसके बावजूद अगर टैक्स का भुगतान नहीं किया जाता है, तो निगम जुर्माना लगाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रथम सप्ताह तक भुगतान नहीं करने पर 1% अतिरिक्त जुर्माना लगेगा। दूसरे सप्ताह में यह बढ़कर 2% हो जायेगा। एक महीने की देरी होने पर 3% और दो महीने बाद 5% अतिरिक्त जुर्माना वसूला जायेगा। इसके बाद भी यदि टैक्स जमा नहीं किया जाता है, तो संबंधित संपत्तियों को सील करने सहित अन्य कड़ी कार्रवाई की जायेगी।



## छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे टैक्स कलेक्शन केंद्र

**करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रांची नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। आगामी अवकाश तिथियों-23 मार्च (रविवार), 30 मार्च (रविवार) और 31 मार्च (सोमवार) को भी रांची नगर निगम कार्यालय और डोरंडा अंचल कार्यालय में स्थित जन सुविधा केंद्र खुले रहेंगे। इन केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होल्डिंग टैक्स, जलकर, ट्रेड लाइसेंस शुल्क और वेस्ट यूजर चार्ज का भुगतान किया जा सकेगा।**

**ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध :** जो करदाता कार्यालय नहीं आ सकते, वे वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से भी अपना टैक्स जमा कर सकते हैं।

**निगम की नागरिकों से अपील :** रांची नगर निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पहले अपने टैक्स का भुगतान करें, ताकि अतिरिक्त जुर्माने और सख्त कार्रवाई से बचा जा सके। समय पर भुगतान से न केवल नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि नगर प्रशासन को भी शहर की बेहतरी के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# हजारीबाग पुलिस के हत्थे चढ़े आठ अपराधी

**पांच उरीमारी थाना और तीन की बड़कागांव थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** पुलिस के लिए शनिवार का दिन खास रहा। हजारीबाग पुलिस में आठ संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसमें पांच उरीमारी थाना और तीन की गिरफ्तारी बड़कागांव थाना क्षेत्र से हुई है। हजारीबाग के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्तिक माइनिंग कंपनी में 4 मार्च की रात हाइवा और दो राउंड एयर फायरिंग मामले में पांच अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों ने वहां पर्चा फेंक कर यह भी लिखा था कि राहुल दुबे के बिना मैनेज किये हुए काम नहीं चलेगा। राहुल दुबे कभी अमन साव गिरोह का सदस्य रह चुका है। इस मामले को लेकर हजारीबाग पुलिस ने तहकीकात करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी न्यू बिरसा प्रोजेक्ट कांटा घर के पास अज्ञात अपराधी सक्रिय हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन व्यक्ति को देखा गया। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। इसी क्रम में मोहम्मद वारिस और मोहम्मद एजाज को गिरफ्तार किया गया। तीसरा राहुल रविदास भागने में सफल रहा। इसी मामले में तीन अन्य आरोपी मोहम्मद जियारत, मोहम्मद सलामत और सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि वारिस अंसारी की तलाशी लेने के क्रम में एक लोडेड देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस एक मोबाइल बरामद किया गया। दूसरे मामले में हजारीबाग पुलिस ने तीन आरोपियों को बड़कागांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। हजारीबाग पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़कागांव के भगवान बागी स्थित कर्बला के पास कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीदारी कर रहे हैं। इस सूचना के आलोक में टीम गठित कर लाल मोहम्मद उर्फ पप्पू, बड़कागांव निवासी और युगल महतो, बड़कागांव निवासी को ब्राउन शुगर के पास साथ गिरफ्तार किया गया। लाल मोहम्मद उर्फ पप्पू के पास से छह पुड़िया में 3 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक कांटा और 15800 रुपया नगद, एसबीआइ का एटीएम कार्ड मिला है। युगल महतो के पास से पांच पुड़िया मे 2.60 ग्राम ब्राउन शुगर और 15020 रुपये बरामद किया है। एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहा रहीस महतो को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी जा रही है।

# आरसीबी ने जीत के साथ किया सीजन का आगाज, केकेआर को दी 7 विकेट से मात

## विराट कोहली और सॉल्ट ने अर्धशतक लगाया

एजेंसी



**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आइपीएल - 18 का ओपनिंग मैच जीत लिया है। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया। आरसीबी ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 3 साल बाद हराया है। टीम को लगातार 4 हार के बाद जीत मिली है।

बेंगलुरु ने ईडन गार्डंस स्टेडियम में 175 रन का टारगेट 16.2 ओवर में चेज कर लिया। विराट कोहली 59 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान रजत पाटीदार ने 34 और फिल सॉल्ट ने 56 रन बनाये। केकेआर टीम की तरफ से गेंदबाजी में वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती ने 1-1 विकेट हासिल किया।

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी कोलकाता ने 8 विकेट खोकर 174 रन बनाये। कप्तान अजिंक्य रहाणे (56 रन) ने फिफ्टी लगायी, जबकि सुनील नरेन ने 44 और अंगकृष रघुवंशी ने 30 रन का योगदान दिया। वहीं आरसीबी की तरफ से गेंदबाजी में क्रुणाल पांड्या ने तीन, जबकि जोश हेजलवुड ने 2 विकेट अपने नाम किया।

**कोहली की 30 बॉल पर फिफ्टी, आईपीएल में 56वीं :** 13वें ओवर में विराट कोहली ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 30 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। यह कोहली की IPL में 56वीं फिफ्टी है। इसी ओवर में एक फैन मैदान पर घुस आया और कोहली के पैर छुए।

**रहाणे के नाम कीर्तिमान**
कोलकाता के कप्तान के रूप में शनिवार को मैदान पर उतरते ही रहाणे ने कीर्तिमान रच दिया। वे आइपीएल में तीन टीमों की कप्तानी करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये। उन्होंने 2017 में पुणे सुपरजायंट्स और 2018 व 2019 में राजस्थान रॉयल्स की कमान संभाली थी।

# कालबैशाखी में 47 गांव प्रभावित, नुकसान का आकलन करने राजस्व मंत्री मयूरभंज जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कालबैसाखी ने राज्य में, विशेष रूप से उत्तरी ओड़िशा में तांडव रचा है। कालबैसाखी के कारण भारी नुकसान हुआ है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी मयूरभंज जिले का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान वह जिले के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे और नुकसान की स्थिति का जायजा लेंगे। जिले के बांगीरीपशी, बिशोई, कुलियणा सारसकणा और करंजिया ब्लॉक के कुल 19 ग्राम पंचायतों के 47 गांवों के 4775 लोग काल बैसाखी बारिश से प्रभावित हुए हैं। इस में 350 कच्चा घर पूरी तरह से नष्ट हो गये हैं। 11 कच्चा घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं । 295 कच्चा घर आंशिक रूप से नष्ट हो गयीं, जबकि 4 गौशालाये नष्ट हो गयीं। इसके अलावा ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है।

शुक्रवार रात करीब 7 बजे जहां डोल त्योहार को लेकर हर्ष और उल्लास का माहौल था, अचानक बारिश, हवा और ओलावृष्टि से सब कुछ उलट-पुलट हो गया। खासकर तीन घंटे से अधिक समय तक बड़े-बड़े ओलावृष्टि से फंसे रहने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह से तबाह हो गया। 3 से 4 किलोग्राम वजनी ओलावृष्टि के प्रभाव से सभी एस्बेस्टस, टाइल और छप्पर वाले घर नष्ट हो गये। बुजुर्ग लोगों ने बताया कि करीब सौ साल में इतने बड़े-बड़े ओला गिरते किसी ने नहीं देखा। लगभग सभी पेड़ों की पत्तियां झड़ गयी हैं और तने तथा टहनियां टूट गयी हैं। प्रशासन ने सामुदायिक भोजन की व्यवस्था की है और कुछ परिवारों को पॉलिथीन वितरित किया है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी आज नुकसान का आकलन करने के लिए बिश्नोई क्षेत्र का दौरा करने वाले हैं।

# झामुमो नेता सहित चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** आपसी रंजिश के कारण पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के करीबी व झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे सहित चार लोगों पर रंका थाने में रंका निवासी आशा देवी पति सुरेश तिवारी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने, गले का चेन छीनने और छेड़छाड़ करने के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताते चलें कि रंका निवासी सौरव पांडेय और आशा देवी के भाई भतीजा वगैरह एक ही परिवार से संबंधित हैं और भूमि विवाद को लेकर सौरव पांडेय ने सबसे पहले रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसी प्राथमिकी के काट में आशा देवी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। ज्ञात हो कि सौरव पांडेय शराबी व्यक्ति हैं। इसके संबंध में आशा देवी के भाई हरिशंकर पांडेय ने आजाद सिपाही को बताया कि शराब पीकर नशे की हालत में सौरव पांडेय ने दुकान पर आकर गाली-गलौज करने लगा, जिससे बाद विवाद बढ़ गया और विवाद केस में तब्दील हो गया। सौरव पांडेय के संबंधी रहे धीरज कुमार दुबे रंका पहुंचे और मामला शांत कराने का प्रयास किया, किंतु सौरव पांडेय के द्वारा पहले प्राथमिकी दर्ज करने के विरुद्ध आशा देवी ने भी प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें धीरज कुमार दुबे का नाम भी शामिल है। रंका पुलिस अनुसंधान करने में जुट गयी है।

## फर्जी केस के अलावे हत्या भी करा सकते हैं विरोधी : धीरज

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विगत कई वर्षों से वह पार्टी प्रवक्ता के रूप में अपनी बातों को अखबार और मीडिया चैनलों के माध्यम से मजबूती से रखने का काम करते हैं और विपक्षी पार्टी के नेताओं को करारा जवाब देने का काम करते हैं। उनके इन कार्यों से विपक्षी दल के कई नेताओं में मेरे खिलाफ खुन्नस है। पहले भी कई बार चौक-चौराहो पर प्रत्यक्ष रूप से मुझे फर्जी मुकदमे में फंसाने या पेशेवर अपराधियों के माध्यम से हत्या करने की धमकी दी जा चुकी है। जिसे मैं नजर अंदाज कर दिया करता था। सोशल मीडिया के माध्यम से भी कई बार मेरे खिलाफ अमर्यादित और धमकी भरा पोस्ट किये जाते रहे हैं। जिसकी सूचना हमने लिखित रूप से थाने को दी है। बहुत जल्द ऐसे लोगों का नाम सबूत के साथ जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और प्रधान न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय गढ़वा को सौंपने का काम करूंगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भी सारे मामले से अवगत कराऊंगा।


# जंगी जहाज 'तवास्य' को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देश को समर्पित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोवा।** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित जंगी जहाज 'तवास्य' के जलावतरण समारोह में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित यह जहाज रक्षा क्षेत्र में हमारी मजबूती का प्रतीक है। इसके माध्यम से समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और मजबूत होगी। 7000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इस जहाज का निर्माण भारत में किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया ने रक्षा क्षेत्र को ऊर्जा दी है। यह जंगी जहाज भारतीय नौसेना को अगले दो दशक से अधिक समय तक हमारी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सहयोग करेगा। इस दौरान राज्यसभा सांसद सदानंद तनावड़े, लोकसभा सांसद विरियाटो फर्नांडीस, वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह और राजाराम स्वामीनाथन, जीएसएल के सीएमडी ब्रजेश उपाध्याय सहित गोवा शिपयार्ड परिवार, भारतीय नौसेना परिवार व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# दुर्लभ शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं कहीं भी हो सकती हैं : डॉ शैलेश पुणतांबेकर



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शल्य चिकित्सा तकनीक और विधियों की उन्नति के साथ, आज छोटे शहरों में दुर्लभ शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं की जा सकती हैं, जिससे बड़ी संख्या में रोगियों को राहत मिल सकती है, डॉ शैलेश पुणतांबेकर, जिन्हें भारत के पहले रोबोटिक ऑन्कोसर्जन के रूप में जाना जाता है, ने शनिवार को कहा। डॉ पुणतांबेकर, जो गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए लेप्रोस्कोपिक रेडिकल हिस्टेरेक्टोमी विकसित करने के लिए भी जाने जाते हैं, जिसे दुनिया भर में 'पुणे तकनीक' के रूप में जाना जाता है, ने कहा कि ऐसी सर्जरी अब दोहराई जा सकती है और इसे कहीं भी दोहराया जा सकता है। प्रख्यात सर्जन यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के चिकित्सा संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसयूएम अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा आयोजित 'उन्नत न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी कार्यशाला' में बोल रहे थे। कार्यशाला में भाग लेने वालों की शिक्षा के लिए दो रोगियों पर लेप्रोस्कोपिक रेडिकल हिस्टेरेक्टॉमी करने वाले डॉ. पुणतांबेकर ने कहा कि उन्होंने पहली बार 2003 में ऐसी शल्य प्रक्रिया की थी। अपनी पहली लेप्रोस्कोपिक रेडिकल हिस्टेरेक्टॉमी को याद करते हुए डॉ पुणतांबेकर ने कहा कि वह यह कदम इसलिए उठा सके क्योंकि 'जब मैं कोई नहीं था, तब रोगी ने मुझ पर विश्वास किया।'

# एसके सिंह को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** संजीव कुमार सिंह ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला है। श्री सिंह मार्च 2022 से एचसीएल (खनन) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। खान मंत्रालय ने 21 मार्च को इस अधिसूचना की घोषणा कर इसे लागू कर दिया। उनकी नियुक्ति 30 जून 2026 तक वैध रहेगी। उनके पास खान योजना, डिजाइन, वैधानिक मंजूरी और परियोजनाओं के वित्तीय मूल्यांकन में 38 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# किट-डीयू ने अपने वैश्विक संबंधों को किया और मजबूत

**किट ने एआइ और व्यावसायिक शिक्षा को और बढ़ावा देने की कड़ी में तोई ओहोमाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ मिलाया हाथ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किट-डीम्ड विश्वविद्यालय (किट-डीयू) ने न्यूजीलैंड के तोई ओहोमाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ एक सहयोग ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता छात्रों के लिए नये शैक्षणिक अवसर प्रदान करने और संयुक्त शोध पहलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

यह समझौता न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की उपस्थिति में औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। इसमें कीट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के महानिदेशक डॉ देबराज प्रधान, ते पूकेंगाझ न्यूजीलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स एंड टेक्नोलॉजी के मुख्य कार्यकारी गस गिलमोर, और न्यूजीलैंड ट्रेड एंड एंटरप्राइज के वाणिज्य दूत एवं व्यापार आयुक्त ग्राहम राउज शामिल रहे।

यह साझेदारी भारत-न्यूजीलैंड के शैक्षिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इसके तहत छात्रों और शिक्षकों का आदान-प्रदान होगा और संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। भारत में कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और व्यावसायिक शिक्षा पर बढ़ते फोकस के बीच, यह समझौता भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने में सहायक होगा।

इस के साथ, भारत और भूटान में इंडोनेशिया की राजदूत इना एच. कृष्णमूर्ति अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ किट और किस के दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन को लेकर विचार-विमर्श किया।

प्रतिनिधिमंडल ने किट और किस के दूरदृष्टि पूर्ण प्रयासों की सराहना की। संस्थान के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा कि, 'यह यात्रा वैश्विक मित्रता और सहयोग की भावना को और मजबूत करेगी।'

# युवाओं के उम्मीदों को लगा पंख, उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु 182 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सुनहरे भविष्य का इंतजार कर रहे युवाओं के उम्मीदों पर पंख लगा, जब हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने चौकीदारी के रिक्त पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र मिलते हीं अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठें और वे खुशी से झूम पड़े। नौकरी पाकर उत्साहित युवाओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त नैंसी सहाय सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में 182 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय और उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चौकीदार नियुक्ति समिति ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आप सब की नियुक्ति तीन चरणों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद की गयी है। आप सबों का आवेदन अप्लाई करने के बाद दौड़, लिखित परीक्षा और शारीरिक जांच की प्रक्रिया से गुजरने के बाद आप सभी का चौकीदार के पद के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपके दायित्व और भूमिका के लिए बहुत जल्द आपको सूचित किया जायेगा। आप सभी का पोस्टिंग जिले के विभिन्न अंचलों और प्रखंडों में किया जायेगा जहां आप योगदान देंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण करने में जिला प्रशासन, चौकीदार नियुक्ति समिति का सहयोग और मेहनत सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सदर एसडीओ सह डीटीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सना उस्मानी सहित कई अन्य पदाधिकारी, अभ्यर्थी और कर्मी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त अभ्यर्थी हुए सम्मानित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार टाटीझरिया में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका संचालन राजू यादव ने किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख संतोष मंडल, सीओ नीलू टुडू, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज मौजूद रहे। अतिथियों ने नवनियुक्त चौकीदार कोल्हू निवासी निरंजन कुमार मंडल पिता प्रेमचंद गुलाब मंडल, छोटा डहरभंगा निवासी आलोक कुमार पिता संजय साव, झरपो निवासी संगीता कुमारी पिता स्व अर्जुन महतो और झरपो निवासी विशाल कुमार दास पिता मुंशी राम को अंगवस्त्र और लेखन पुस्तिका देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि चयनित युवाओं को सम्मानित करने से दूसरे छात्र प्रेरणा लेंगे। उन्होंने अन्य छात्रों को कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अतः हमें सफल होने तक कड़ी मेहनत करते रहें। मौके पर परमेश्वर प्रसाद यादव, शैलेश सिंह, संतोष कुमार, प्रकाश साव, युगलकिशोर प्रसाद, बालदेव प्रसाद, दिलीप मंडल, श्यामकिशोर यादव, रंजीत कुमार, रीति कुमारी आदि मौजूद रहे।

# जंगल की आग से खतरे में झारखंड की खूबसूरती, हो रहा है वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पलाश लाह और महुआ के कारण पूरे विश्व में अपनी पहचान रखने वाले पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले में आये दिन जंगलों में लगने वाली आग से वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों पर खतरा मंडराने लगा है। बताते चले कि पूरे देश में लातेहार जिला महुआ के उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है। महुआ के मौसम में स्थानीय ग्रामीण, महुआ के पेड़ के नीचे आग जलाकर उसकी सफाई करते हैं,बाद में यह आग धीरे-धीरे जंगल में फैल जाती है और कई दिनों तक प्रज्वलित रहती है। इस आग से न सिर्फ वन्य संसाधनों और वनस्पतियों बल्कि वन्य जीवों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगता है।

वन्य क्षेत्र होने के कारण वन विभाग की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वनों को होने वाले इस प्रकार के नुकसान से उनकी सुरक्षा की जाये और इसके लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान और साथ ही साथ ऐसा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये, लेकिन वन विभाग की उदासीनता के कारण हजारों हेक्टेयर में फैले यहां के जंगलों को हर वर्ष खासा नुकसान होता रहा है। कई स्थानीय पर्यावरणविदों से बात करने पर यह पता चलता है कि यह सिलसिला विगत कई वर्षों से जारी है और इस पर रोकथाम का कोई भी सकारात्मक प्रयास वन विभाग के द्वारा या वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अथवा जिला वन्य पदाधिकारी के द्वारा नहीं किया जाता, जिससे लोगों का मनोबल बढ़ता है और यह समस्या और विकट रूप लेटी जाती है।

अगर आप गर्मी की शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए भी इस क्षेत्र से गुजरेंगे तो आपको सड़क के दोनों ओर ऊंचे पहाड़ों पर और आसपास के जंगलों में इस तरह की आग देखने को मिल जायेगी, जिससे कई बार जान और माल की क्षति प्रकाश में आती रहती है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी तथा जिला वन्य पदाधिकारी से इस बाबत बात करने पर कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिलता और यह सिलसिला चलता रहता है, जो पर्यावरण प्रेमियों के लिए निरंतर चिंता का विषय बना रहता है। इस संबंध में लातेहार जिला के लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी की कोई अच्छी पहल नहीं रही है, जिससे हर वर्ष महुआ के समय लाखों पेड़ पौधे महुआ के सुनने के दौरान ग्रामीण आग के हवाले कर देते हैं और वन प्रमंडल पदाधिकारी कुछ भी करने से डरे रहते हैं। यह कार्य लगभग हर वर्ष देखी जाती है। वन विभाग पूरी तरह से इस पर कोई रुचि नहीं दिखाती है। वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी के साथ-साथ वन क्षेत्र पदाधिकारी भी इसे अनदेखा करते नजर अभी तक आते रहे हैं।

# हीथ्रो से जुड़े सवाल

दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे में से एक लंदन का हीथ्रो शुक्रवार को बिजली कटने की वजह से बंद रहा, जिससे भारत समेत कई जगहों की उड़ानों पर असर पड़ा। यह वाकया हैरान करने वाला है, क्योंकि अक्सर ऐसी समस्याओं को गरीब और विकासशील मुल्कों से जोड़ कर देखा जाता रहा है।

**कई घंटे लगे :** पिछले साल हीथ्रो से रोज औसतन 2.20 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यहां से दुनिया की 230 जगहों की उड़ानें भरी जाती हैं। बताया गया कि हवाई अड्डे की बिजली पास में आग लगने की वजह से गयी। जिस सब-स्टेशन से हवाई अड्डे को बिजली की सप्लाई की जाती थी, वहां आग लगी और इससे यह समस्या खड़ी हुई। सब-स्टेशन पर लगी आग पर काबू पाने में कई घंटे लग गये।

**आतंक का एंगल :** ब्रिटिश सरकार ने बताया कि आग लगने की घटना में किसी का हाथ होने की आशंका नहीं है। इसके बावजूद आतंकवाद निरोधी दस्ता इस मामले की तहकीकात कर रहा है। वजह यह है कि ब्रिटेन के अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इस घटना का असर हुआ। इस वाकये का असर हवाई अड्डे के आसपास के रिहायशी इलाकों और बिजनेस एस्टेब्लिशमेंट पर भी पड़ा।

**सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि जिस तरह की चीजों को लेकर गरीब और विकासशील देशों को पश्चिम में नीची नजर से देखा जाता है, हीथ्रो में हुए हादसे के बाद उस पर ये देश क्या कहेंगे।**

**यात्री परेशान :** हीथ्रो के बंद होने से कम से कम 1,351 उड़ानों पर असर पड़ा। इनमें से कुछ को लंदन के गैटविक हवाई अड्डे, पैरिस और एम्सटर्डम की ओर भेजा गया, लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। खबरों के मुताबिक हवाई अड्डे के बंद होने से करीब 3 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं और आने वाले दिनों में भी इससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे।

**एयरलाइंस क्या सक्षम हैं :** जितने बड़े पैमाने पर हीथ्रो के बंद होने और उस वजह से उड़ानों के रद्द या रीशेड्यूल होने से लोगों पर असर पड़ा है, यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यात्रियों की परेशानी दूर करने में एयरलाइंस सक्षम हैं? सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि जिस तरह की चीजों को लेकर गरीब और विकासशील देशों को पश्चिम में नीची नजर से देखा जाता है, हीथ्रो में हुए हादसे के बाद उस पर ये देश क्या कहेंगे।

**बैकअप नहीं :** दूसरा सवाल यह है कि क्या ऐसे किसी हादसे की आशंका हीथ्रो के मैनेजमेंट को नहीं थी और अगर उन्हें ऐसा कोई अंदेशा था तो इसके लिए उपाय क्यों नहीं किये गये थे? एक और बात यह भी है कि हालिया दशक में भारत जैसे देशों में बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप हो रहा है, जो वैश्विक स्तर का है। चीन तो इस मामले में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देशों में शामिल है। वहीं, पश्चिमी देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर इनके मुकाबले कमतर साबित हो रहा है

अभिमत
आजाद सिपाही

**योगी आदित्यनाथ के सत्ता की बागडोर संभालने के बाद इस प्रदेश की तस्वीर बदलने लगी। आज यहां पूरी तरह से कानून का शासन है और बड़े-बड़े अपराधियों, माफिया गिरोहों की दुकानें बंद हो गयी हैं। अमन चैन के साथ आप इस पूरे प्रदेश में कोई भी कारोबार कहीं भी कर सकते हैं। इसका परिणाम आज सबके सामने है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9$2 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है। पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है।**

# 8 वर्षों में योगी ने बदली यूपी की तस्वीर

निरंकार सिंह

धर्म -दर्शन, कला, विज्ञान के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश कई शताब्दियों तक विश्व के मानचित्र पर चमकता रहा है। राम, कृष्ण और बुद्ध का अवतार इस भूमि पर हुआ था। अनादिकाल से काशी भी शिव की आराधना का केन्द्र रही है। भगवान महावीर की भी उत्तर प्रदेश कर्मभूमि रही है। प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों में उत्तर प्रदेश कभी पिछड़ा प्रदेश नहीं रहा है। यहां तक कि मुगल आक्रांताओं और ब्रिटिश शासन में भी उत्तर प्रदेश की गिनती पिछड़े प्रदेशों में नहीं होती थी। लेकिन देश की आजादी के बाद यह प्रदेश धीरे-धीरे पिछड़ता चला गया और पिछली गैर-भाजपा सरकारों के कार्यकाल में इस प्रदेश की गिनती पिछड़े प्रदेशों में होने लगी।

समाजवादी पार्टी के शासनकाल में तो उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार, लूटपाट और अराजकता का केन्द्र बन गया था। कोई भी उद्यमी यहां पर उद्योग-धंधों को लगाने से कतराता था। लेकिन योगी आदित्यनाथ के सत्ता की बागडोर संभालने के बाद इस प्रदेश की तस्वीर बदलने लगी। आज यहां पूरी तरह से कानून का शासन है और बड़े-बड़े अपराधियों, माफिया गिरोहों की दुकानें बंद हो गयी हैं। अमन चैन के साथ आप इस पूरे प्रदेश में कोई भी कारोबार कहीं भी कर सकते हैं। इसका परिणाम आज सबके सामने है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9$2 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है। पिछले 8 साल में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है। आज योगी आदित्यनाथ की सरकार देश में मिसाल के तौर पर पेश की जाती है।

**आज योगी आदित्यनाथ की सरकार देश में मिसाल के तौर पर पेश की जाती है।**



**देश के सर्वाधिक स्मार्टफोन का उत्पादन यूपी में हो रहा है। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर यूपी में है। विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही। वहीं 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी दूसरे नंबर पर पहुंच गयी।**

आज उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है। वे चाहे जहां जायें। 6 साल में 5 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक इकाइयां स्थापित की गयीं। इनमें से कई में प्रोडक्शन भी हो रहा है। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आयेंगे।

बेरोजगारी दर जो 2016 में 18 फीसदी थी, वह आज 3 से 4 फीसदी है। जितना गन्ना मूल्य भुगतान 2007 से 2017 के बीच हुआ उसका दोगुना योगी सरकार ने 2017 के बाद किया। सरकार 2 लाख 2 हजार करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कर चुकी है। एथनॉल उत्पादन में प्रदेश देश में नंबर 1 पर है। आज 118 करोड़ लीटर एथनॉल उत्पादन यूपी कर रहा है।

देश के सर्वाधिक स्मार्टफोन का उत्पादन यूपी में हो रहा है। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर यूपी में है। विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही।

वहीं 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी दूसरे नंबर पर पहुंच गयी।

देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12$75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले 8 वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27$51 लाख करोड़ रुपये होने जा रही है। वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9$6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52$ 271 रुपये थी, वर्ष 2023-2024 में 93$ 514 रुपये है। 2016-2017 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार रुपये हुई थीं, जबकि चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। आज उत्तर प्रदेश रैवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रैवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते 8 वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रैवेन्यू सरप्लस स्टेट है।

आज टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में हो रहा है, जैसे हाइवे बने, पुल बने, स्कूल-कालेज बने, अस्पताल बने हैं। उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बनकर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024$ 41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेन-देन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन-देन यूपीआइ से हुए। इसकी वजह डिजिटल बैंकिंग की आसान पहुंच, गांवों तक इंटरनेट, वित्तीय जागरूकता और उपकरणों की पर्याप्त संख्या है।

आज प्रदेश में बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी, 18747 एटीएम और 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है। 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केंद्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनाएं हैं। डीबीटी से 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों को 1 लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इससे प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है।

## कोल्हान की खबरें

### आदित्यपुर में तीन दिवसीय 18वीं राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं प्रवीण सिंह सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आदित्यपुर एम टाइप दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड के 200 से अधिक बॉक्सिंग खिलाड़ी, कोच और खेलप्रेमी भाग लिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आदित्यपुर नगर निगम की उपनगर आयुक्त पारुल सिंह, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एवं द्रोणाचार्य अवार्डी पूर्णिमा महतो, सम्मानित आथिति पूर्व ईचागढ़ विधायक अरबिंद सिंह,झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.के. सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपनगर आयुक्त पारुल सिंह ने कहा यह प्रतियोगिता झारखंड के बॉक्सिंग खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जहां वे अपने कौशल को निखार सकते हैं। उन्होंने महिला खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा महिलाएं अब हर खेल में आगे बढ़ रही हैं। बॉक्सिंग में भी अपनी प्रतिभा साबित करने को तैयार हैं।द्रोणाचार्य अवार्डी पूर्णिमा महतो ने झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं प्रवीण सिंह सेवा संस्था के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।वही पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा प्रतियोगिता में चार वर्गों में मुकाबले होंगे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 23 मार्च को होगा। मौके पर ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह, सचिव राजीव वर्मा कुकू, कांग्रेस पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जमशेदपुर की 86 बस्तियों को मालिकाना हक देने का वादा पूरा करें : पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने शनिवार को सदन में कहा कि जमशेदपुर पूर्वी की 86 बस्ती के लोगों को मालिकाना हक देने का वादा पूरा किया जाये। झारखंड सरकार ने नीतिगत निर्णय के तहत 2005 में टाटा लीज नवीकरण का निर्णय लिया था, जिसके तहत 86 बस्तियों के लिए 1750 एकड़ जमीन को बाहर रखा गया था। इन बस्तियों के निवासियों के लिए 10-10 डिसमिल जमीन आवासीय उद्देश्य से विभाग के संकल्प संख्या-817, दिनांक-22.02.2018 के तहत मालिकाना हक दिया जाना है, लेकिन यह अभी तक लागू नहीं किया गया है, जबकि सरकार ने इसका आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने जमशेदपुर के पूर्वी विधानसभा में अपनी चुनावी सभा में इस मांग का समर्थन करते हुए मालिकाना हक देने का वादा किया था। पूर्णिमा के सवाल पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि यह मुद्दा सदन में कई बार उठ चुका है। इसको लेकर डीसी से रिपोर्ट ली गयी है। इसमें यह कहा गया है कि रघुवर दास की सरकार ने जब 10 डेसिमल जमीन को लीज पर देने का कानून लाया था, तब 1198 लोगों ने आवेदन किया था। इस आवेदन के आलोक में सिर्फ तीन ही आवेदन को मंजूरी दी गयी। लोग अगर सही तरीके के आवेदन दें, तो सरकार बंदोबस्ती के लिए तैयार है। इस बीच में मंत्री रामदास सोरेन ने भी सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा कि 86 बस्ती में ही रघुवर नगर भी बसा दिया गया है। वह रघुवर नगर पर कौन लोग बसे हुए हैं। वहां सरकारी फंड का इस्तेमाल किया गया है या नहीं। सरकार के पैसे का वहां कैसे उपयोग किया गया है। 86 बस्ती की जमीन पर बसे लोग अवैध है या वैध, यह बताना चाहिए। इस पर पूर्णिमा साहू ने कहा कि रघुवर नगर की जांच करा लें। सरकार आपकी ही है। पूर्णिमा ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि तीन लाख से अधिक गरीब और मेहनतकश परिवारों के जीवन से जुड़ा हुआ मामला है। जब पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस मांग का समर्थन कर रहे हैं, तो ऐसे में सदन को चाहिए कि वह एकमत होकर कानून बनाकर बस्तीवासियों को पूर्ण मालिकाना का हक दिलायें। मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जो प्रावधान लीज बंदोबस्ती का है, वह दे सकते हैं। अगर वह लीज बंदोबस्ती नहीं करवाते हैं, तो ऐसे लोग अतिक्रमणकारी ही माने जायेंगे।

### सुदिव्य सोनू से मिलीं ईचागढ़ विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** आवास बोर्ड द्वारा वर्षों पूर्व बनाए गए ईडब्ल्यूएस और डब्ल्यू टाइप फ्लैट वासियों की समस्याओं को लेकर ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 18 के निवर्तमान पार्षद रंजन सिंह और प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात की। शनिवार को मुलाकात के दौरान विधायक सविता महतो ने मंत्री को विस्तारपूर्वक स्थानीय निवासियों की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवास बोर्ड के एमडी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है आवास बोर्ड द्वारा ईडब्ल्यूएस और डब्ल्यू टाइप फ्लैट को कंडम घोषित कर वहां रह रहे लोगों को फ्लैट खाली करने का नोटिस दिया गया था। इससे प्रभावित सैकड़ों परिवारों की चिंता बढ़ गयी थी। पूर्व में भी विधायक सविता महतो के नेतृत्व में तत्कालीन मंत्री हफीजुल हसन से वार्ता की गयी थी। उन्होंने समाधान के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया था। हालांकि मंत्री बदले के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। अब फिर से विधायक सविता महतो की पहल पर प्रभावित परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

### मुख्यमंत्री से मिले द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के प्रतिनिधिमंडल



**आदित्यपुर(आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के मान्यता प्राप्त निबंधित पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।शनिवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस भवन सरायकेला के सौंदर्याकरण और पत्रकारों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने कहा कि बीते चार वर्षों से जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर पत्रकारों के हित में प्रेस क्लब कार्य कर रही है। वर्तमान में जिले के 9 प्रखंडों से 65 से अधिक आंचलिक पत्रकार क्लब से जुड़े हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के प्रयासों से क्लब को प्रेस भवन प्राप्त हुआ था। लेकिन उसमें आवश्यक सुविधाओं की कमी है।प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से प्रेस भवन के सौंदर्याकरण एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु आवश्यक निर्देश देने के लिए आग्रह किया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने,आवास सुविधा प्रदान करने व बीमा सुविधा लागू कराने की अपील की। इस अवसर पर ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने पत्रकारों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने आश्वासन दिया सरकार पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।**

### जिला कांग्रेस महासचिव ने पद से इस्तीफा देकर विधायक जयराम महतो के साथ आये



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस महासचिव भरत सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का दामन थाम लिया।उसके बाद उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ विधायक टाइगर जयराम महतो से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। मौके पर उनके साथ अनुसूचित जनजाति मोर्चा कोल्हान अध्यक्ष राजा कालिंदी,जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राम प्रसाद महतो, सोनी देवी, मिंटू शर्मा, दुर्गा शर्मा अमित कुमार मौजूद रहे।

### बागबेड़ा में कचरा की समस्याओं का स्थायी समाधान जल्द : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने झारखंड विधानसभा शून्यकाल के दौरान बागबेड़ा में कचरा निस्तारण के लिए निश्चित स्थान उपलब्ध कराने की मांग उठाई। श्री सरदार ने कहा कि कचरा निष्पादन की व्यवस्था न होने से क्षेत्र में गंदगी, प्रदूषण और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि पूर्व में भी इस मुद्दे को कई स्तरों पर उठाया गया, लेकिन अस्थायी समाधान मिलते रहे। अब वे इस समस्या के स्थायी निपटारे के लिए प्रयासरत हैं।इस पहल के लिए स्थानीय लोग आशान्वित हैं। विधायक श्री सरदार ने सरकार से समस्या का समाधान के लिए आग्रह करते हुए कहा स्थायी निपटारे होने से जल्द ही स्थानीय लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा।

## प्रत्युष प्रतीक ऑल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिवक्ता बने



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सरकारी अधिवक्ता गढ़वा परेश कुमार तिवारी का पुत्र प्रत्युष प्रतीक ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन एआइबीइ उत्तीर्ण हो पूर्ण अधिवक्ता बन गये। वर्ष 2024 में आयोजित ग्यारहवीं एआइबीइ की परीक्षा पहले ही प्रयास में सफल होने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ज्ञातव्य हो कि प्रत्युष के पिता परेश कुमार तिवारी गढ़वा जिला के सरकारी वकील हैं और दादाजी परशुराम तिवारी झारखंड के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं में से एक हैं। वे मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित भी हो चुके हैं।

## दहेज प्रताड़ित अभियुक्त के घर चिपकाया गया इश्तेहार

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। महिला थाना पुलिस ने सीमावर्ती उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत कोन थाना के कोन ग्राम निवासी राजकुमार कुशवाहा पिता कैलास कुशवाहा के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। महिला थाना प्रभारी रुक्मणी कुमारी ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा थाना कांड संख्या 25/24 के दहेज प्रताड़ित का प्राथमिक अभियुक्त है, वह विगत आठ-नौ माह से फरार चल रहा है।

# रमकंडा बीडीओ ने सबके सामने रोजगार सेवक को जड़ा थप्पड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमकंडा।** रमकंडा बीडीओ संजय कोंगड़ी ने बलिगढ़ पंचायत के ग्रामीण व प्रखंड कर्मियों के सामने इसी पंचायत में पदस्थापित रोजगार सेवक संजय लकड़ा को थप्पड़ जड़ दिया। वहीं आरोप है कि दबंगई दिखाने के बाद बीडीओ श्री कोंगड़ी ने बात आगे बढ़ाने पर रोजगार सेवक की नौकरी खत्म करने की भी धमकी दे डाली। ऐसे में उक्त रोजगार सेवक समेत अन्य कर्मियों ने बीडीओ की धमकी के बाद भय से इस मामले को दबा दिया। वहीं तीन दिनों तक इस मामले पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया। लेकिन धीरे धीरे पिटाई की इस घटना की जानकारी रमकंडा में आग की तरह फैल गई। वहीं चौक चौराहों पर इसकी चर्चा होने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार बीडीओ ने पिछले मंगलवार को बलिगढ़ पंचायत में शिविर लगाने का मौखिक निर्देश दिया था। लेकिन महुआ चुनने में इन दिनों ग्रामीणों की व्यस्तता को लेकर 11 बजे तक पंचायत भवन में लोग नही पहुंचे थे। वहीं बीडीओ निर्धारित समय पर पंचायत भवन पहुंच गये। लेकिन ग्रामीणों की अनुपस्थिति को लेकर वे आगबबूला हो गये। वहीं इस मामले के साथ ही पीएम आवास के सेक डाटा सर्वेक्षण में लापरवाही बरतने की बात कहते हुए रोजगार सेवक को खरी खोटी सुनाने लगे। वहीं पीड़ित रोजगार सेवक मामलों पर हो रही समस्याओं को बताने लगे। इसी बीच नाराज बीडीओ ने अचानक उसपर थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना के बाद वहां मौजूद प्रखंड कर्मी व अन्य लोग अचंभित हो गये। इधर इस घटना के बाद से प्रखंड कर्मियों में दहशत का माहौल है।



बीडीओ संजय कोंगड़ी।

### बीडीओ पर संघ केस दर्ज करायेगा : जिलाध्यक्ष

मनरेगा कर्मचारी संघ के गढ़वा जिलाध्यक्ष बसंत सिंह ने बीडीओ की ओर से रोजगार सेवक पर की गई इस तरह की कार्रवाई की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा है कि इस मामले को संघ बर्दाश्त नही करेगा। वहीं बीडीओ पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर रोजगार सेवक ने लापरवाही बरती है तो उस पर संवैधानिक तरीके से करवाई होना चाहिये। लेकिन बीडीओ ने असंवैधानिक तरीकों का उपयोग किया है। शारीरिक दंड देने का अधिकार बीडीओ को नही है। कहा कि बीडीओ पर कार्रवाई के लिये कार्मिक विभाग को भी पत्र भेजा जायेगा। वहीं कार्रवाई नही हुई तो संघ आंदोलन भी करेगा।

### जवाब देने पर बीडीओ ने मारा थप्पड़: रोजगार सेवक

इस संबंध में पूछे जाने पर रोजगार सेवक संजय लकड़ा ने कहा कि बलिगढ़ पंचायत में नेटवर्क एक गंभीर समस्या है। इसके कारण सर्वेक्षण में दिक्कत हो रहा है। वहीं महुआ चुनने में व्यस्तता को लेकर 11 बजे तक ग्रामीण शिविर में नही पहुंचे थे। इसी मामलों पर बीडीओ को जवाब दे रहे थे कि अचानक उन्होंने सबके सामने थप्पड़ जड़ दिया।

### आरोप गलत, ऐसी कोई बात नहीं: बीडीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ संजय कोंगड़ी ने थप्पड़ जड़ने की बात को गलत बताया। कहा कि ऐसी कोई बात नही है। रोजगार सेवक का आरोप गलत है।

# भवनाथपुर में भाजपा ने प्रतिरोध मार्च निकाला विधायक और मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में पावर प्लांट स्थापित करने के झूठे वादे और सुनियोजित तरीके से सेल का क्रेशर प्लांट कटवाने के विरोध में शनिवार को भाजपा मंडल कमेटी ने विधायक अनंत प्रताप देव और मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला और उनका पुतला दहन किया। प्रखंड कार्यालय से निकला जुलूस बाजार होते कर्पूरी चौक पहुंचकर मुख्यमंत्री और विधायक का पुतला दहन किया गया। जुलुस में नेताओं ने मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, विधायक मुर्दाबाद, मंईयां सम्मान राशि सभी महिलाओं को दो सहित अन्य नारा लगा रहे थे। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक और मुख्यमंत्री ने जनता से किये गये वादों को पूरा नहीं किया। कहा कि भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाने की बात कहकर जनता को गुमराह किया गया, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं क्रेशर प्लांट का कटिंग कराया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि यह वादा खिलाफी बर्दाश्त नहीं की जायेगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि अगर तत्काल क्रेशर प्लांट की कटिंग पर रोक और सभी महिलाओं को सम्मान राशि योजना वादों को पूरा नहीं किया गया तो आगे भी बड़े स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सोना किशोरी यादव, दयानंद सोनी, धनंजय साह, ब्रजेश चौबे भानु गुप्ता, विमलेश यादव, मनु उपाध्याय, दयानंद प्रजापति, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## दृढ़ इच्छाशक्ति और लगन से लक्ष्य की प्राप्ति संभव: एसपी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए गेट टू गेदर सह कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, मुख्य अतिथि गढ़वा के एसपी दीपक पांडेय व विशिष्ट अतिथि गढ़वा डीएसपी यशोधरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि विद्यार्थियों और अभिभावकों की जिंदगी में 10वीं और 12वीं दो अहम पड़ाव होते हैं। इन दो पड़ावों में कैरियर को लेकर तमाम तरह के भ्रम और सवाल उनके दिमाग में होते हैं। मुख्य अतिथि एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि दृढ इच्छाशक्ति और लगन से आप अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। सफलता के लिए संसाधन का होना जरूरी नहीं है।

## सभी प्रखंडों से पांच-पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के 188 आरोग्यदूतों को किया गया सम्मानित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के तकनीकी सहयोग से बंधन मैरेज हॉल, गढ़वा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वाधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच-पांच विद्यालयों एवं उन्हीं विद्यालयों के आरोग्य दूत शिक्षकों को वित्तीय वर्ष (2024- 2025) में उत्कृष्ट कार्य हेतु उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा सभी 188 आरोग्य दूत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

## झामुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत



डंडई (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शंभू राम शनिवार को डंडई पहुंचने। डंडई पहुंचने के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। शंभू राम ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा और समर्पण से निभायेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर झामुमो को और मजबूत करने में सहयोग दें। साथ ही, जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, चंद्रशेखर प्रसाद, दीनानाथ पांडे, संदेश राम, नकशेदीकांत राम, मैनेरुद्दीन अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि महेस राम, जेएमएम प्रखंड मीडिया प्रभारी रवि यादव सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नीली क्रांति के तहत केज कल्चर से जुड़े मत्स्य पालकों को होगा आर्थिक लाभ : उपायुक्त

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर ने जिले को मत्स्य पालन में अग्रणी बनाने के लिए डैम और तालाबों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने में जुटे हैं। उपायुक्त ने शनिवार को अन्नराज डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां पूर्व में शुरू की गयी केज कल्चर से मत्स्य पालन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केज कल्चर से जुड़े मत्स्य पालकों को आर्थिक लाभ होगा। वहीं जिले के लोगों को ताजी मछलियां मिल पायेगी। गढ़वा जिला के चिनिया प्रखंड के चिरका डैम में भी केज कल्चर योजना सफलता पूर्वक चल रहा है, जबकि जिले के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत खजूरी डैम में भी योजना स्वीकृत कर दी गयी है। जल्द ही वहां भी केज कल्चर योजना का कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

# एमडीएम घोटाले के आरोप में प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय विडंडा में प्रधानाध्यापक नीरज तिवारी पर मिड-डे मील (MDM) और विकास मद की राशि में घोटाले का आरोप लगाते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है।

विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जयराम चौधरी ने जिला शिक्षा अधीक्षक और बीआरसी कार्यालय को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक ने एमडीएम की 50,000 रुपये की निकासी कर इसे सीएसपी संचालक विश्वनाथ चौधरी के खाते में डलवा दिया। इसमें से 30,000 रुपये एक किराना दुकानदार को दिया गया, जबकि शेष 20,000 रुपये का कोई हिसाब नहीं दिया गया। इसके अलावा, विद्यालय विकास मद की 46,000 रुपये की राशि भी निकासी/कोई विवरण नहीं दिया गया। शनिवार को स्कूल परिसर में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जयराम चौधरी, पूर्व अध्यक्ष शेख सबिल आलम, नबी शेख, अजीमुद्दीन खां, विश्वनाथ विश्वकर्मा, मो. आजाद, रहमत अंसारी, राशिद शोएब और फैज सहित अन्य ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसमें हेडमास्टर से हिसाब मांगा गया। लेकिन उन्होंने कहा कि बीआरसी समेत अन्य जगहों पर भी पैसा देना पड़ता है, और वे कोई हिसाब नहीं दे सके। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानाध्यापक के कार्यभार संभालने के बाद से स्कूल में अनियमिततायें बढ़ी हैं। एक साल में लगभग आधा दर्जन बार विद्यालय समिति अध्यक्ष बदले जा चुके हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक से हेडमास्टर को हटाने की मांग की है, अन्यथा अपने बच्चों स्कूल नहीं भेजने की चेतावनी दी है।

इस मामले में जब प्रधानाध्यापक नीरज तिवारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं मीडिया को कुछ नहीं बताऊंगा, सिर्फ अपने सक्षम पदाधिकारी को जानकारी दूंगा।



# मेराल गोदाम से राशन गबन की प्राथमिकी के तीन सप्ताह बाद दूसरे एजीएम ने लिया प्रभार

- गबन के आरोपी एजीएम की अनुपस्थिति में बीडीओ, सीओ ने खाद्यान्न का मिलान कर लिया प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई के गोदाम से राशन गबन को लेकर करायी गयी प्राथमिकी के 3 सप्ताह बाद शनिवार को जनसेवक बसंत पांडेय को गोदाम का प्रभार गोदाम में पड़े राशन का मिलान कर लिया। गबन के आरोपी में निलंबित सहायक एजीएम दीपक कुमार चंचल की अनुपस्थिति में सीओ यशवंत नायक और बीडीओ सतीश भगत की उपस्थिति में राशन का मिलान कर प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद बसंत पांडे ने बताया कि गोदाम में राशन का मिलान करने पर चावल 244 क्विंटल 29 किलोग्राम तथा गेहूं 35 क्विंटल 28 किलोग्राम, चना दाल 40 किलोग्राम, नमक 37 बैग, थैला 44 बोड़ा पाया गया है। राशन का मिलान इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा तथा एक मैन्युअल तौल कांटा से कराया गया है। मौके पर सीओ सह प्रभारी एमओ यशवंत नायक ने कहा कि अब नये स्टॉक रजिस्टर से डीलरों को सुचारू रूप से राशन उपलब्ध कराया जायेगा।



## दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन



रमना (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता सह बीस सूत्रीय अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने अपने आवास बहियार कला में शुक्रवार की शाम दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें रमना प्रखंड के करीब 400 से अधिक मुसलमान भाइयों ने दावत-ए -इफ्तार में भाग लिया। मंसूर अंसारी ने कहा कि भारत में हिंदू मुसलमान भाईचारे के साथ रहते आ रहे हैं। वहीं स्थानीय थाना के एएसआई मोहम्मद सलीम अंसारी ने कहा कि रमजान बेहिसाब खैर और बरकत का महीना है। मौके पर रमना प्रमुख करुणा सोनी, गुलाम रसूल, रसीद अंसारी, रसिम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अतहर हुसैन, नबीजान सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# बंशीधर महोत्सव के दौरान कुर्सी तोड़े जाने के मामले में 10 नामजद और 30 अज्ञात लोगों पर एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के दौरान कुर्सी तोड़े जाने संबंधी मामले में प्रशासन की ओर से दस नामजद और 30 से 40 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुआ है। नामजद अभियुक्तों में कई नाबालिग भी शामिल हैं। आम दर्शक दीर्घा में विधि व्यवस्था संधारण के लिये तैनात मजिस्ट्रेट शैलेश कुमार ने नगर ऊंटारी थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। हालांकि सभी अभियुक्तों को थाने से बेल मिल गयी है।

यहां उल्लेखनीय है कि जिसने कुर्सियां तोड़ी उनके साथ कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत जो हुआ वह बिल्कुल सही है, उसका बचाव कोई कानून पसंद नहीं कर सकता। लेकिन कुर्सियों को तोड़ने के लिए उकसाने वालों पर कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई नहीं होने से गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जल्दबाजी में एफआईआर न कराकर शायद इस पर गौर किया गया होता तो नेम्ड एफआईआर में मशहूर कलाकार पूजा चटर्जी का नाम शामिल रहता। कार्यक्रम सरकारी और विभिन्न गैर सरकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाईव चल रहा था, जिसमें कलाकार पूजा चटर्जी स्टेज से दर्शकों को कुर्सियां तोड़ने के लिए उकसाते हुये यह कहते हुये दिख रही हैं कि कुर्सी टूटना सक्सेसफुल इवेंट माना जाता है। अभी इंज्वॉय कीजिये बाद में तोड़ दीजियेगा, हुआ भी यही। आम दर्शकों ने कार्यक्रम की समाप्ति के दौर में कुर्सियां तोड़ दी।

किरकिरी होने पर एक ओर नाबालिग बच्चों समेत 10 लोगों के विरुद्ध नगर ऊंटारी थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया गया। किंतु कुर्सी तोड़ने के लिए प्रेरित करने वाली कलाकार पूजा चटर्जी व उन्हें स्टेज से इस तरह उकसाने से मना नहीं करने के आरोप में कार्यक्रम की इवेंट कंपनी के लोगों पर एफआईआर नहीं हुआ।

श्री बंशीधर नगर की संस्कृति पर चोट कर महोत्सव पर कुर्सी तोड़ डांस जैसे बदनुमा दाग लगाने के आरोप में कार्रवाई के बदले उन्हें सम्मानित किया गया और मोटी रकम दी गयी। मतलब कुर्सी तोड़ने वालों पर एफआईआर और तोड़वाने वाले को पुरस्कार मिला। प्रशासन की ओर से अब तक इस दोहरी कार्रवाई से उस पर सवाल उठना भी लाजिमी है। जानकारों का कहना है कि कुर्सी तोड़ना बच्चों की गलती है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। किंतु कुर्सी तोड़ने के लिए प्रेरित करने वाला कुर्सी तोड़ने वालों से कम गुनाहगार नहीं है।



पूजा चटर्जी।


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## (जिला ग्रामीण विकास शाखा)

### अति अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना

सरकार के अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–(N)273 (अनु0) दिनांक–03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् बागवानी हेतु कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में खाद सामग्रियों का क्रय किया जाना है।

इस संदर्भ में अति अल्पकालीन निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, कार्यालय का ज्ञापांक 535/जि0ग्रा0वि0 दिनांक 07.03.2025 द्वारा निकाली गई थी। जिसमें कोई निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित नही किया गया। जिसके आलोक में नियमानुसार दिनांक 08.04.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है। शेष नियम एवं शर्तें पूर्व की भांति अथावत रहेगा।

नियम एवं शर्त्तः–

1. इच्छुक निविदादाता दिनांक– 08.04.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पद नाम से जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर मुहर बंद निविदा दे सकते हैं। मुहर बंद निविदाएं अंतिम तिथि–08.04.2025 को अपराह्न 04:00 बजे जिला ग्रामीण विकास शाखा के सभागार में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।
2. निविदा का सामग्री नियम एवं शर्तें की पूर्ण विवरणी कोडरमा जिले की वेबसाइट www.koderma.nic.पद पर एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/
उपायुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, कोडरमा।

PR.NO.349022 Rural Development(24-25):D



## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
(नजारत शाखा)
–: वाहन नीलामी सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग के निदेश के आलोक में व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग परिसर में Condemned अवस्था में पड़े Ambassador Car को नीलाम किया जाना है।

वाहन का प्रकार

| Sl. | Type of vehicle | Vehicle No. | Manufacturing Year | Model |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ambassador Car | JH-02M-5353 | 2009 | H.M Ltd. |

तद्नुसार उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में सर्वसाधारण /इच्छुक एजेन्सी को सूचित किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग परिसर में Condemned अवस्था में पड़े Ambassador Car का निलामी दिनांक.–29.03.2025 को अपराहन् 03:00 बजे समाहरणालय सभागार में किया जाएगा।

अतः नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सर्वसाधारण/एजेन्सी को सूचित किया जाता है कि दिनांक.–29.03.2025 को अपराहन् 03:00 बजे समाहरणालय सभागार में ससमय उपस्थिति होकर नीलामी में भाग लेना सुनिश्चित करेगें।

शर्तें –

1. नीलामी में भाग लेने हेतु नजारत उपसमाहर्ता, हजारीबाग के पदनाम किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बने 2500/– (दो हजार पाँच सौ) रूपया का डीमाण्ड ड्राफ्ट सुरक्षित राशि के रूप में जिला नजारत शाखा, हजारीबाग में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. नीलामी हेतु वाहन का न्यूनतम दर 25000/– (पच्चीस हजार) रूपया निर्धारित किया गया है।
3. वाहन जहाँ एवं जिस अवस्था में है उसी अवस्था में आपको सुपूर्द किया जाएगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त व्यय/वहन आपको देय नहीं होगी।
4. वाहन का निबंधन, इन्सुरेन्स, वाहन टैक्स एवं अन्य कागजातों की अद्यतन स्थिति एवं बकाया जिस स्थिति में है उसी स्थिति में आपको सुपूर्द किया जाएगा। वाहन के व्यवहार हेतु निबंधन, इंसुरेन्स एवं अन्य कागजातों पर व्यय से संबंधित कोई भी दावा मान्य नहीं होगा एवं उसका वहन आपको स्वयं करना होगा।
5. वाहन नीलामी के पश्चात् आपका कोई भी दावा अथवा अनुरोध स्वीकार नहीं होगा अतः नीलामी पूर्व सभी इच्छुक एजेन्सी एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन का भौतिक सत्यापन स्वयं कर पूर्ण संतुष्ट होने के उपरान्त नीलामी में भाग लेना सुनिश्चित करेगें।
6. वाहन नीलामी एवं निरस्तीकरण से संबंधित सारे अधिकार उपायुक्त, हजारीबाग के पास सुरक्षित रहेंगे।

उपायुक्त के निदेशानुसार,
प्रभारी पदाधिकारी,
नजारत शाखा, हजारीबाग।

PR 349003 District(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –11/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 07–04–2025 से दिनांक–08–04–2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 09.04.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 09.04.2025 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
(ख) जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय कोडरमा (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतगाँवा | कोडरमा प्रखंड के इंदरवा मोड से मेघा डेयरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 44,98,000.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | जयनगर | जयनगर में कस्तुरबा गाँधी स्कूल का चाहरदीवारी निर्माण | 34,48,876.00 | 69,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | जयनगर | पंचायत कटिया अखरा चौक से सहदेव राणा घर तक 1500फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य | 31,40,500.00 | 62900.00 | 5000.00 | 3 माह |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.349028 Rural Work Department(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in
08

# बुंडू में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, 37500 रुपये जुर्माना वसूला

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा के नेतृत्व में नगर पंचायत के नगर प्रशासक शुभम पोद्दार, बुंडू बीडीओ सावित्री कुमारी और बुंडू सीओ हंस कुमार हेंब्रोम के द्वारा अवैध रूप से कब्जा जमाने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की गयी। अतिक्रमण की कार्रवाई महावीर मंदिर चौक से बजरंग दल तक किया गया, जिसमें 39 दुकानदारों पर 37500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्हें चेतावनी दी गयी कि यदि दोबारा नियमों का उल्लंघन किया गया तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक गुटका और अन्य अवैध सामग्रियों की बिक्री करने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। मौके पर प्रशासन ने प्रतिबंधित सामग्रियों को जब्त कर जुमार्ना लगाया। बुंडू एसडीओ ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए दुकानों के बाहर अवैध रूप से निकल गये छज्जो को तोड़ने का आदेश दिया। वहीं सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़ी बाइकों को जब्त कर लिया गया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्रशासन जब वेंडर मार्केट परिसर में खुले में मछली बेचने वाले दुकानदारों को भी सख्ती से चेतावनी दी गयी, यदि खुले में मांस मछली की बिक्री की जायेगी तो दोषी दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नगर पंचायत बुंडू के नगर प्रशासक शुभम पोद्दार ने दुकानदारों और नागरिकों से स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण करने से आम जनता को परेशानी होती है और नगर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। नगर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के लिए सभी नागरिकों को प्रशासन का सहयोग करें।

## तीन दिनों से लापता वृद्ध का शव खेत में मिला

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर की खूंटी टोली बस्ती के समीप अवस्थित बामन ढ़ोड़ा के खेत से शनिवार को एक वृद्ध का शव बरामद हुआ। शव की पहचान खूंटी टोली बस्ती निवासी किशुन सिंह (85 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार किशुन सिंह तीन दिनों से घर से लापता थे। शनिवार को जब कुछ लोगों की नजर खेत में पड़े उनके शव पर पड़ी, तब इसकी जानकारी स्वजनों को मिली। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक छानबीन के बाद शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी अज्ञात अपराधी द्वारा वृद्ध की हत्या कर शव को छिपने की नियत से उसे खेत में फेंक दिया गया। इस संबंध में खूंटी थाना में एक मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जल संरक्षण के प्रयास नहीं किये गये, तो हो सकता है जल संकट : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विश्व जल दिवस के अवसर पर झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में मुरहू के कोलोंदा गांव में शनिवार को विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, पैनल अधिवक्ता मदन राम गौंझू, सेवा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अजय शर्मा, ग्रामप्रधान अर्जुन मुंडा मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण और सतत उपयोग पर जागरूकता बढ़ाना है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1993 में शुरू किये गये इस विशेष दिन पर डालसा सचिव ने लोगों को जल संकट की गंभीरता को समझाया और इसे बचाने के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। कालोंदा गांव के जंगलों के बीच से होकर बहने वाली बनयी नदी पर विश्व जल दिवस पर सांकेतिक रूप से बोरीबांध निर्माण का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि विश्व जल दिवस है, इसलिए एनजीओ सेवा वेलफेयर सोसायटी के साथ डालसा बोरीबांध निर्माण कार्य में पहुंचा है। मौके पर पैनल अधिवक्ता मदन राम गौंझू ने कहा कि विश्व जल दिवस 2025 ग्लेशियर संरक्षण थीम पर केंद्रित है, जो दुनियाभर के ग्लेशियरों को बचाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है, क्योंकि ग्लेशियर पृथ्वी के जल चक्र को संतुलित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर पंचायत सचिव महावीर महतो, दुर्गा भेंगरा, देवेंद्र सिंह, जल सहिया सलोमी मुंडू, ग्राम पंचायत सदस्य इंद्रावती देवी, मुनेश्वरी देवी, दिलीप सिंह, दयामनी भेंगरा समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधिक सेवा समिति का विश्व जल दिवस पर जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा और बाकलतोड़ीया में नालसा एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला खरसावां और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल के तत्वधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। गौरांगकोचा में पीएलवी गंगासागर पाल और बाकलतोड़ीया मे पीएलवी कार्तिक गोप ने ग्रामीण महिलाओं को जल बचाने और संरक्षण के संबंध में जागरूक किया। वहीं गंगासागर पाल ने जागरूकता अभियान में कहा कि जल ही जीवन है। जल के बीना कोई भी जीव जंतु जींदा नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि भुमिगत जल का श्रोत काफी नीचे जा रहा है, जो चिंता का विषय है। जल का संरक्षण हम सबों का दायित्व और कर्तव्य है। पीएलवी कार्तिक गोप ने कानूनी जानकारी के साथ ही टोल फ्री नंबर 15100 तथा 1098 मे किसी भी समस्या होने पर सूचना देने का अपील किया। मौके पर रमेश मछुआ, मिला मछुआ, मुकेश मछुआ पुष्पा मछुआ, अश्विनी मछुआ ,सुनिता मछुआ आदि ग्रामीण महिला और पुरुष उपस्थित थे।

# आइपीएल के उद्घाटन में नटराज कला केंद्र के कलाकारों ने दी प्रस्तुति



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव चोगा के नटराज कला केंद्र के कलाकारों के द्वारा टाटा आइपीएल 2025 के उदघाटन समारोह में शनिवार को ईडन गार्डन स्टेडियम कोलकाता में छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। वही नटराज कला केंद्र के सचिव प्रभात महतो ने बताया कि प्रस्तुति दल में सुचांद महतो, सीताराम महतो, जगदीश चंद्र महतो, गणेश चंद्र महतो, श्रवण गोप, सुबोध चंद्र हजाम, दिलीप महतो, ललित महतो, अमरजीत लोहारा आदि कलाकार शामिल थे।

# बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता आकलन परीक्षा आज, तैयारियां पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत 23 मार्च को आयोजित होनेवाली बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता आकलन परीक्षा (एफएलएनएटी) की तैयारी को लेकर राजकीय कन्या मध्य विद्यालय खूंटी के सभागार में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी खूंटी ने की। बैठक में खूंटी प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, जिला संसाधन सेवी सदस्य आदि उपस्थित थे। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर डीएसइ अभय कुमार शील ने आवश्यक निर्देश दिये। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के वैसे लोग जो किंहीं कारणों से अशिक्षित रह गये हैं या स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उनके पास कोई प्रमाण पत्र नहीं है वैसे लोग इस परीक्षा में शामिल होंगे और जो परीक्षा में सफल होंगे उन्हें एनआइओएस द्वारा साक्षरता का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रखंड के सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में निरक्षरों के लिए जन चेतना केंद्र संचालित किया जा रहा है। खूंटी प्रखंड मे 123 परीक्षा केंद्र बनाये गये है, जिसमें लगभग 1900 निरक्षर लोग परीक्षा में शामिल होंगे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार राम, अनीता लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# सुदीप गुड़िया ने सदन में की सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी ।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने शनिवार को विधानसभा के शून्य काल में खूंटी क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के अभाव में किसानों के पलायन का मुद्दा उठाया और सिंचाई के लिए खेतों तक बिजली पहुंचाने की मांग सदन के माध्यम से की। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के तोरपा, बानो, रनिया और कर्रा प्रखंड के किसान सिंचाई के लिए तालाब, कुओं और नदियों पर आश्रित हैं। सिंचाई के लिए महंगो ईंधन का उपयोग किसानों के लिए संभव नहीं होने के कारण किसान पलायन कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि जलस्त्रोतों तक बिजली उपलब्ध करायी जाय, तो सभी किसान खेती कर सकेंगे, जिससे पलायन पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा, मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि पूर्व में चलायी गयी तिलका मांझी सिंचाई योजना की तर्ज पर योजनाओं की स्वीकृति दी जाये।

## विहिप और बजरंग दल का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग शुरू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के डाक बंगला रोड स्थित राजस्थान भवन में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में सभी प्रखंडों से दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के सदस्य भी भाग ले रहे हैं। अभ्यास वर्ग के शुभारंभ में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विहिप जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, शिवराज सिंह, प्रवीण जायसवाल, विशाल साहू, सचिन मिश्रा, संजय गुप्ता, संजय साहू, मनीष राम, अभिषेक कुमार समेत रामनवमी महासमिति खूंटी के ज्योतिष भगत, गिरीश जायसवाल, संजू चौरसिया, अशोक जायसवाल आदि शामिल हुए और कार्यकताओं को आवश्यक मार्गदर्शन किया।

## पिपरवार : शिविर में 61 जवानों ने किया रक्तदान




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआइएसएफ के पिपरवार कैंप में शहीद दिवस से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी और जवानों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना रक्तदान किया। रांची के रिम्स से आए हुए ब्लड बैंक की टीम के द्वारा सुरक्षित रक्त संग्रह किया गया। शिविर में कुल 61 लोगों ने रक्तदान किया। पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान का कार्य होता है। यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। वही सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार ने कहा कि शहीद दिवस के पूर्व रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा सीआईएसफ कैंप पिपरवार में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया है, जो काफी सराहनीय हैं। इस मौके पर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंड, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, मुखिया रीना देवी, समाजसेवी कृष्णदेव यादव, डॉ चंद्र भूषण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मजदूर यूनियन का अधिवेशन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन का दो दिवसीय अधिवेशन शनिवार को डकरा वीआइपी सभागार में संपन्न हुआ। दूसरे दिन के अधिवेशन की शुरूआत मुख्य अतिथि एचएमएस के महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू , झारखंड के पूर्व मंत्री सह सीएमयू केंद्रीय अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह एवं सीएमयू महामंत्री राघवन रघुनंदन ने डकरा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद गाजेबाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में मजदूर प्रतिनिधियों ने डकरा अंबेडकर पार्क से ऑफीसर्स क्लब तक पैदल मार्च किया। ऑफिसर्स क्लब में अधिवेशन के दूसरे दिन डेलीगेट्स की चर्चा हुई। जिसमें यूनियन से जुड़े कई मुद्दों पर विचार विमर्श करके कई निर्णय लिए गये। वहीं मुख्य अतिथि हरभजन सिंह सिद्धू ने देश के उद्योगों के हो रहे निजीकरण के विरोध पर आंदोलन का आगाज करने का आह्वान किया।

इस मौके पर यूनियन के रंजीत पांडे, खुशीलाल महतो, विनय सिंह मानकी, उदय सिंह, भीम सिंह यादव ने संबोधित किया। इस मौके पर इस्लाम अंसारी, मिथिलेश सिंह, ध्वजाराम धोबी, सूरज प्रधान मुंडा, सुदेश पासवान, चरका मुंडा, संजय गिरी, विनोद सतनामी, जय मंगल सिंह, रामा उरांव, राजेंद्र चौहान, आफताब आलम, रमेश कुमार, राजेश यादव , रविंद्र बैठा, अनूप कुमार रजक, वीरमल कुमार, उमेश सिंह, सोनू राम सहित सीसीएल क्षेत्र के विभिन्न एरिया से आये सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए थे।

# राकोमयू और एनके प्रबंधन के बीच एजेंडा मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने एनके प्रबंधन के साथ अपनी 30 सूत्री मांगों को लेकर एजेंडा मीटिंग की। महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई एजेंडा मीटिंग में यूनियन की मांगों पर चर्चा हुई। यूनियन की मांगों में क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिकों के आवासों की मरम्मती, केंद्रीय अस्पताल डकरा को अपग्रेड के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने, सेवानिवृत्त श्रमिकों के एक माह के अंदर उनके पावती का भुगतान सुनिश्चित करना, ग्रामीणों/ विस्थापितों, /ठेका कर्मचारीयो को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने, पद्दोनती को स्थापना दिवस समारोह के देने, कालोनियों की नियमित साफ सफाई करने आदि मांगे शामिल है। वहीं यूनियन की मांगों के आलोक में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने एक निश्चित समय सीमा के अंदर सभी मांगों पर सकारात्मक पहल कर समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रबंधन की ओर से अमला अधिकारी असैनिक सुमन कुमार, अमला अधिकारी कार्मिक ज्योति कुमार तथा यूनियन की ओर से एनके एरिया सचिव सुनील कुमार सिंह, राघव चौबे, तीला महतो, जेडएच खान, हलिम खान, सूरेंदर चौहान, तेरेसा तिरंगा, मुनीता देवी, चंद्रदीप, धनंजय चौहान, दिलीप गौतम, वीर बहादुर, रश्मी गंझू, नितू, शालों देवी, केके चौबे, भीम प्रसाद मेहता, रामजी यादव, रितेश वर्मा, जगन्नाथ महतो, रवीन्द्र प्रताप सिंह सहीत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# सुधीर सांगा ने मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय खूंटी के छात्र सुधीर सांगा ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में 21 मार्च से चल रही मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर-13 कंपाउंड बालक वर्ग के 30 मीटर इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया। सुधीर की इस शानदार उपलब्धि से पूरे जिले और राज्य में खुशी का माहौल है।

**संघर्ष से सफलता तक का सफर**

सुधीर सांगा का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बाल्यकाल में ही पिता का निधन हो गया था, जिसके कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गयी। उनकी मां बिरंग सांगा मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद, सुधीर की प्रतिभा और लगन ने उन्हें एक असाधारण खिलाड़ी बना दिया। सुधीर का झुकाव तीरंदाजी की ओर था, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण इसे सीखना आसान नहीं था। उनकी प्रतिभा को देखते हुए सरकार द्वारा संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी में उनका दाखिला कराया गया, जहां उन्हें खेल के लिए सही माहौल और प्रशिक्षण मिला।

**अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजों से मिला सहयोग**

सुधीर के पास अभ्यास के लिए आवश्यक संसाधन नहीं थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और वर्तमान में सीआरपीएफ में कार्यरत अस्त्रिता केरकेट्टा ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए अपना धनुष अभ्यास के लिए दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज राहुल और मोनिका ने भी सुधीर की मदद की और उन्हें कीमती साइटर और तीर उपलब्ध कराये। इस सहयोग ने सुधीर के अभ्यास को और मजबूत बनाया और उन्हें प्रतियोगिता के लिए बेहतर तरीके से तैयार होने का मौका दिया।


**प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन**

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित मिनी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हुए थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, सुधीर ने अपने सटीक निशाने और बेहतरीन तकनीक से सभी को प्रभावित किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि से उन्होंने खूंटी सौर झारखंड का नाम रोशन किया। सुधीर की जीत से स्कूल, जिला और राज्य में हर्ष और गर्व का माहौल है। स्कूल के शिक्षकों, प्रशिक्षकों और सहपाठियों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। खूंटी के खेल प्रेमियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सुधीर की सफलता को राज्य के लिए गौरवपूर्ण बताया और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सुधीर के तीरंदाजी कोच आशीष कुमार कहते हैं कि आनेवाले समय में सुधीर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और भारत का प्रतिनिध्त्वि करेगा।

**उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सुधीर सांगा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खूंटी समेत पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह साबित करता है कि खूंटी जिले में प्रतिभा की कोई कमी नही है। हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है और हम सब को गौरवान्वित कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## भाजपा नेताओं ने किया सड़क का निरीक्षण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेताओं ने मैकलुस्कीगंज चामा मुख्य पथ के मैगजीन मोड़ से केदल सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेताओं ने सड़क निर्माण में अनियमितता पाया। उन्होंने बताया कि रांची सांसद के अनुशंसा पर यह सड़क बन रहा है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमतता बरती जा रही है। सड़क निर्माण के दौरान बिना रोलर चलाए पीसीसी सड़क का काम हो रहा है। जिससे सड़क जल्द ही खराब हो जायेगा। इस तरह से सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत विभागीय अधिकारियों से भी किया जायेगा। सड़क निरीक्षण में भाजपा नेता श्याम सुंदर सिंह,अरविंद सिंह, शशि प्रसाद साहू,अनिल तुरी शामिल थे।

## मैकलुस्कीगंज में कुआं में डूबने से मजदूर की मौत



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मायापुर पंचायत अंतर्गत कोनका गांव में शनिवार को कुआं से एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव गांव के एक ईंट भट्ठे से कुछ दूरी पर स्थित एक क्षतिग्रस्त कुआं में था। शव को ग्रामीणों ने उक्त कुआं में देखा। तत्पश्चात इसकी सूचना मैकलुस्कीगंज पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गोविंद कुमार पुलिस टीम साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कुआं से बाहर निकाला। शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान 30 वर्षीय पवन राम पिता स्व जगदीश राम ग्राम किस्को नाड़ी थाना किस्को लोहरदगा के रुप में हुई है, जो मैकलुस्कीगंज में किसी ईंट भट्ठा में मजदूरी का कार्य कर रहा था।

## इटकी में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी



**इटकी (आजाद सिपाही)।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर आरिफ रजा के आवास परिसर में आयोजित इफ्तार पार्टी में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है। इससे समाज तरक्की करेगा। इफ्तार पार्टी में देश की एकता अखंडता, भाईचारे, खुशहाली, विश्व में अमन चैन और शांति की सामूहिक दुआ मांगी गयी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस यूथ के संरक्षक अरसे आलम, यूथ कांग्रेस के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर आरिफ रजा, उपप्रमुख परवेज आलम, थाना प्रभारी मनीष कुमार, हाजी मोइनद्दीन, सैफुला अतहर, अजुम जमाल, सउद आलम, अहयान अफसर आदि उपस्थित थे।

## डकैती के गहनों के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस ने इटकी के व्यवसायी को दबोचा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** व्यवसायी सुशील ताम्बेकर को छत्तीसगढ पुलिस ने डकैती के लाखों रुपये के गहनों के साथ गिरफ्तार कर उसे अपने साथ छत्तीसगढ़ ले गई। इस संबंध में इटकी थाना प्रभारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के सितापूर थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान से विगत 27 फरवरी को अपराधिक गिरोह ने डाका डाला था। वहां से करीब छह लाख रुपये के आभूषण लूट लिये गये थे। छत्तीसगढ की पुलिस ने घटना का उद्भेदन कर गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनकी निशानदेही पर शनिवार की शाम सात बजे इटकी और छत्तीसगढ़ की पुलिस ने घेराबंदी की और इटकी यूनियन बैंक के पास स्थित वर्तन दुकान से सुशील ताम्बेकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सुशील ताम्बेकर के मकान से डकैती के करीब छह लाख रुपये का आभूषण भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुशील ताम्बेकर का छत्तीसगढ़ सहित जिला के अपराधिक गिरोह से तार जुड़े हैं।

## लूटकांड में फरार आरोपित गिरफ्तार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुगदा गांव में शनिवार की सुबह पुलिस ने छापामारी कर रवि किशन नामक युवक को गिरफ्तार किया है। वह लूटकांड में फरार आरोपित भी है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र में लूट की गटना हुई थी, जिसमें रवि किशन भी शामिल था। हालांकि वह घटना के बाद से फरार था। पुलिस को उसकी तलाश थी। इस बीच गुप्त सूचना मिली थी कि वह इटकी थाना क्षेत्र के सुगदा गांव में छिपा है। सूचना मिलते ही पुलिस सतर्क हो उठी और उसे गिरफ्तार करने के लिए इन्सपेक्टर अनुराग कुमार ने एक टीम गठित किया। इसके बाद पुलिस सूचना के आधार पर सुगदा गांव पहुंचा और घेराबंदी कर आरोपित रवि किशन को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी सूचना लातेहार पुलिस को दे दी गयी है। लातेहार पुलिस इटकी थाना पहुंची और गिरफ्तार रवि किशन को अपने साथ ले गई।

## नवागढ़ और जोन्हा के मुखिया पहुंचे शिमला



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की पंचायती राज विभाग की ओर से अनगड़ा प्रखंड के प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया और जोन्हा के मुखिया कृष्णा मुंडा का चयन झारखंड राज्य से अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण हिमाचल प्रदेश के लिए किया गया। विदित हो कि झारखण्ड राज्य से अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण के लिए कुल 25 मुखियाओं का चयन किया गया था जिसमें नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया और जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा भी शामिल हैं। सभी मुखिया हिमाचल प्रदेश में अयोजित 17 से 22 मार्च तक हिमाचल प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग कि ओर से पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान एवं प्रसार प्रशिक्षण मशोयरा (क्रएगनेनो) शिमला में भाग लिये। झारखंड के सभी मुखिया हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर उन्नत योजनाओं और नवाचारों का अध्ययन कर अपने पंचायत में कार्यान्वयन के लिए अनुभव प्राप्त कर राज्य वापसी करेंगे। इससे पूर्व आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ने झारखण्ड से पिछले 2025 के गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य से चयनित होकर दिल्ली में आयोजित कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय परेड में शामिल हो चुके हैं। जहां केंद्र सरकार के पंचायती राज्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी द्वारा श्रेष्ठ मुखिया का पुरस्कार पाकर नवागढ़ पंचायत का मान मान बढ़ा चुके हैं। इस अवसर पर मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ने कहा कि इस अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण से झारखंड के सभी मुखियाओं को अपने पंचायत में उन्नत योजनाओं का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

# ब्लैकलिस्टेड हुई हेसल टोल प्लाजा एजेंसी, तीन अप्रैल को फिर से टेंडर

## टोल वसूली को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए उठाया गया कदम

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टोल वसूली में अनियमितता बरतने सहित अन्य शिकायत मिलने के बाद एनएचआइ ने हेसल टोल प्लाजा एजेंसी एके कंस्ट्रक्शन सहित 14 टोल कलेक्शन एजेंसियों को दो साल के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया है। यह कदम टोल वसूली को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए उठाया गया है। अब तीन अप्रैल को फिर से हेसल टोल प्लाजा का टेंडर होगा। बताते चलें कि क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने विगत 23 जनवरी को हेसल टोल प्लाजा से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एनएचआइ और अनगड़ा थाना को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसमें यह भी




हेसल टोल प्लाजा की फाइल फोटो।

आशंका व्यक्त की गयी थी कि यदि यथाशीघ्र उक्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में कोई बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। टोल प्लाजा एजेंसी ने मुस्तफा अंसारी की शंकाओं को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद टोल प्लाजा के समीप लगातार तीन दुर्घटनाएं हुई जिसमें तीन लोगों की जान चली गयी। पहली घटना आठ मार्च को हुई, जिसमें एक कार की चपेट में आकर चिलदाग निवासी बाइक सवार बेलाल अंसारी की मौत हो गयी। दूसरी घटना 12 मार्च की है। इसमें एक ट्रक की चपेट में आकर हेसल कट्टर टोला निवासी बाइक सवार युवक मनीराम महतो की जान चली गयी। तीसरी घटना टोल प्लाजा के ही निकट ब्रिज के पास हुई। इसमें एक कार के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी थी। इसके अलावा भी आये दिन छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सभी घटनाओं के लिए टोल प्लाजा एजेंसी को दोषी ठहराया। आरोप लगाया कि टोल प्लाजा प्रबंधन की लापरवाही के कारण उक्त घटनाएं घटी। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि यदि पूर्व में टोल प्लाजा प्रबंधन की ओर से उनकी मांगों को गंभीरता से लेकर उसमें सुधार कर लिया जाता तो तीन लोगों की जान बच सकती थी। बताया गया कि इससे पहले ईगल इंफ्रा लिमिटेड को 2024 में तीन महीने के लिए हेसल टोल कलेक्शन का टेंडर मिला था। 31 दिसंबर 2024 को अवधि समाप्त हो जाने के बाद इस टोल प्लाजा को टेंडर प्रक्रिया में एके कंस्ट्रक्शन ने हासिल किया था।

## बूथ कमेटी के गठन से ही भाजपा होगी मजबूत : चूड़ामणि



**लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड में भाजपा मंडल की बैठक शनिवार को ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में हुई। इसमें रांची जिला ग्रामीण मंत्री चूड़ामणि महतो ने कहा कि पंचायत कमेटी को मजबूत करने से ही मंडल कमेटी मजबूत होगी। मौके पर सह प्रभारी दुखहरन सिंह, रामप्रसाद साहू, रतन नायक, चिरंजन कुमार, अनिल कुमार, विजय कुमार सिंह और हिंदुआ मुंडा आदि मौजूद थे।**

## 36 लाभुकों को भूमि म्यूटेशन की करेक्शन स्लिप सौंपी गयी

**इटकी (आजाद सिपाही)। अंचल मुख्यालय में शनिवार को आयोजित शिविर में लाभुकों के बीच दाखिल खारीज के करेक्सन स्लिप का वितरण किया गया। रांची डीसी के निर्देश पर दाखिल खारिज निष्पादन का शिविर लगाया गया। जिसमें मुखिया रमेश महली और राजन किस्पोट्टा ने एक से 10 डिसमील भूमि का दाखिल खारीज का करेक्सन स्लिप 25, जबकि 10 डीसमील से अधिक भूमि के दाखिल खारीज का 11 लाभुकों को करेक्सन स्लिम सौंपा। इस मौके पर सीओ मो अनीश, सीआई अनीता हेम्ब्रोम, हलका कर्मचारी रितेश कुमार और अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।**

## रिनपास में कार्य के लिए पीएचडी प्रमंडल गोंदा ने निकाली एक करोड़ की निविदा

**कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने घोटाले की जतायी आशंका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** रांची गोंदा के पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता की ओर से निविदा सूचना संख्या 43/ 2024-25 के तहत करीब एक करोड रुपए के छह कार्यों के लिए निविदा निकाली गई है। इन निविदाओं को जमा करने और खोलने की तिथि 24 मार्च है। यह सभी छह निविदा कार्य रिनपास मानसिक अस्पताल कांके में होना है। निविदा के अनुसार संवेदक को सभी कार्य एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक संपन्न करने होंगे। इसके तहत प्रतिदिन हॉट सोलर प्लांट की मरम्मती, आरसीसी सम ओवर की साफ सफाई, सबमर्सिबल मोटर पंप की मरम्मती और नये मोटरपंप लगाने का कार्य सहित रिनपास फीमेल सेक्शन और गर्ल्स हॉस्टल में पंप मोटर रिपेयर और मेंटेनेंस कार्य, ओपीडी, धर्मशाला मेल सेक्शन सहित रिनपास के आवासीय क्वार्टरों में प्रतिदिन पंप मोटर रिपेयर और मेंटेनेंस कार्य के लिए यह निविदा निकाली गई है। इस पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहू ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री, निदेशक रिनपास और अभियंता प्रमुख पीएचडी विभाग को ज्ञापन देकर इन सभी निविदा में कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता एवं ठेकेदार द्वारा अनियमितता कर भ्रष्टाचार और सरकारी राजस्व राशि की लूट की ओर आशंका जताई है। कहा कि गोंदा प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता और यहां कार्यरत एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी लूट के सूत्रधार है। कजरा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के परिवार वाले प्रभाकर कुमार, प्रेम प्रकाश और संजय कुमार जो पेयजल स्वच्छता विभाग में ठेकेदारी करने के लिए निबंधित ठेकेदार हैं। इन्हीं लोगों को पिछले कई वर्षों से निविदा कार्य आवंटित किया जा रहा और करोड़ों रुपए की सरकारी राजस्व की लूट की जा रही है। रोहित कुमार साहू ने पिछले पांच वर्षों के दौरान रिनपास शाखा में पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कहा कि जो निविदा निकाली गई है यह पूरी तरह सरकारी राजस्व की लूट के लिए ही निकाली गई है। यहां किसी तरह का कोई कार्य निविदा के अनुसार नहीं होता है। सिर्फ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी द्वारा पानी पेयजल टंकी से खोलने और बंद करने का ही कार्य किया जाता है। अगर इस निविदा कार्य को शीघ्र रद्द नहीं किया गया तो करोड़ों रुपए की राशि सभी मिलकर लूट लेंगें। रोहित साहू ने आगे कहा कि पांच वर्षों के दौरान इसी चतुथ वर्गीय कर्मचारी के ही परिवार वालों ने यहां निविदा लेकर कार्य किया है, जबकि कार्य किये बिना ही सरकारी राजस्व की निकासी कर ली है। फर्जी बिल विभाग में जमा किया है। इस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी ने ही अपने परिवार वालों के नाम ठेकेदारी में देकर खुद ही कार्य करता हैं। इसलिए इस घोटाले वाले टेंडर को सरकार रद्द करें और जरूरत के हिसाब से ही सही टेंडर पुनः निकालें।

## प्रशासन ने शिक्षकों और छात्राओं बीच मतभेद का किया निपटारा



**इटकी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय प्रशासन और प्रबुद्ध नागरिकों के हस्तक्षेप से बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षक और छात्राओं के बीच चले आ रहे मतभेदों का निपटारा किया गया। साथ ही एक अनुशासत्मक कमेटी का गठन किया गया। जिसके सदस्य सीओ मो अनीश, थाना प्रभारी मनीष कुमार, प्रधानाचार्य, उपप्रमुख परवेज आलम, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, हाजी मोइनद्दीन, राजकुमार तिर्की, मुर्तजा आलम, अजीत केशरी और रकीब अंसारी सामिल किया गया है। इसके बाद विद्यालय में गुणात्मक शिक्षा के चार सूत्री प्रस्ताव पारित की गई। इसके लिए कमेटी और विद्यालय प्रबंधन कमेटी का प्रत्येक माह बैठक करने का निर्णय लिया गया।

## पंचायत सेवक को हटाने की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के उरूगुटू पंचायत के ग्रामप्रधान एवं वार्ड सदस्यों ने उरूगूटू पंचायत सेवक शशि कुमार को हटाने की मांग करते हुए बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि शशि कुमार कहा करते थे कि वे मुखिया के अलावा किसी वार्ड सदस्य या ग्राम प्रधान को नहीं पहचानते हैं। गौरतलब है कि पूर्व में भी उनको हटाने की मांग को लेकर कांके बीडीओ को ज्ञापन सौंपा था। पर एक महीना बीत जाने के बाद भी उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गयी है। जिसके विरोध मे उरूगूटू के जनप्रतिनिधियों ने दो अप्रैल को कांके प्रखंड मे धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। वहीं, ज्ञापन सौंपने वालों को कांके बीडीओ ने आश्वासन दिया कि 31 मार्च तक पंचायत सेवक को हटा दिया जाएगा। इस मौके पर तारा देवी, उरूगूटू के ग्राम प्रधान सुरेश पहान, पतरातू के ग्राम प्रधान ननकु मुंडा, मेढ़ी के ग्राम प्रधान रंथू पहान और उरूगूटू के वार्ड सदस्य हसलेन अंसारी, महजबीं आरा, सीमा कुमारी, मीना देवी, विनीता देवी और सरवरी खातून उपस्थित थीं।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की फसलों की लापुंग बीडीओ ने जांच की



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में दो दिनों से तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश और ओलावृष्टि से दर्जनों गांव के किसानों की फसल क्षतिग्रस्त हुई है। किसानों की बर्बाद फसलों जांच के लिए बीडीओ उषा मिंज शनिवार को किसानों के खेत में पहुंचे और जायजा लिया। इनमें राम लोहरा, जल्हा उरांव, नरसिंह उरांव ब्लांडू, अर्जुन लोहारा, सोमा उरांव, गोपीनाथ उरांव नवाटोली, भंजन उरांव, बंधना उरांव दादगो शामिल हैं। जिनकी फसलें ओलावृष्टि और पानी की वजह से बर्बाद हुई हैं। उन्होंने किसानों को निर्देश दिया कि जिनकी भी फसल और मकान क्षतिग्रस्त हुए है उसका फोटोग्राफी के साथ जमीन के कागजात संलग्न कर अंचल या बीडीओ कार्यालय में यथाशीघ्र जमा करें। इस मौके उप मुखिया सुखदेव उरांव, पंसस भोला उरांव और कृषि मित्र संदीप उरांव उपस्थित थे।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण डीपीएस स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा एक से 9 तक के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद ने परिणाम की घोषणा के दौरान छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। कहा कि छात्रों की सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम है। वहींस्कूल प्रबंधन के उपाध्यक्ष अविनाश पांडेय ने सभी छात्रों और शिक्षकों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आगामी वर्ष के लिए और भी बेहतर परिणामों की आशा व्यक्त की। विद्यालय के निदेशक दीपम बानर्जी ने छात्रों की अद्वितीय उपलब्धियों के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया।

## पीएम श्री गम्स गड़खटंगा के छात्रों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्सपोर्स विजिट कार्यक्रम के तहत पीएम श्री गम्स गड़खटंगा विद्यालय के 145 छात्रों, शिक्षकों, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के सदस्यों और सरस्वती वाहिनी के सदस्यों ने शनिवार को झारखंड के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने लतरातू डैम, साई मंदिर और घघारी मंदिर का दौरा किया। लतरातू डैम में छात्रों ने नौका विहार का आनंद उठाया, जिससे उन्हें प्रकृति और पर्यावरण के बारे में सीखने का अवसर मिला। इसके बाद लोधमा फैमिली रेस्टोरेंट में छात्रों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जहां उन्होंने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। वहीं, झंडा दिखाकर यात्रा की शुरूआत लालखटंगा के पूर्व मुखिया रितेश उरांव और वर्तमान मुखिया पुष्पा तिर्की ने किया। पूरे विद्यालय परिवार के लिए यह भ्रमण शैक्षणिक और मनोरंजक रहा। विद्यालय के प्रभारी भुदेवचंद्र महतो के नेतृत्व में संपन्न इस भ्रमण कार्यक्रम से छात्रों को झारखंड की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को नजदीक से जानने का अवसर मिला।

## शिविर में 10 डिसमिल तक की जमीन का हुआ म्यूटेशन

**कांके (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को दाखिल खारिज शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 10 डिसमिल तक के रकबा वाले जमीन के आवेदनों का म्यूटेशन कर निष्पादन किया गया। अंचल में 10 डिसमिल से कम वाले लंबित 461 मामले में से 57 केस का निष्पादन कर दाखिल खारिज किया गया। वहीं दो केस रिजेक्ट किया गया। रैयतों के बीच शुद्धि पत्र का वितरण सीओ जय कुमार राम ने किया। इस मौके पर हल्का कर्मचारी रविंद्र प्रसाद और पूर्व उपप्रमुख मुकेश साहू आदि उपस्थित थे।

## नामकुम में श्री शिवपुराण कथा शुरू, उमड़े श्रद्धालु

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बाजार के सदाबहार चौक स्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री शिवपुराण कथा का शुभारंभ हुआ, जिसके उद्घाटन समारोह में हिंद सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक स्वामी दिव्यानंद महाराज और प्रदेश भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि शिव पुराण वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक है, क्योंकि यह शिव परिवार के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। कहा कि नामकुम की धरती सौभाग्यशाली है, जहां भारत के प्रसिद्ध व्यास निरजानंद शास्त्री महाराज का आगमन हुआ है। स्वामी प्रेम मूर्ति निरजानंद शास्त्री महाराज ने प्रवचन में कहा कि परमात्मा जिसे चुनता है, वही सत्संग में बैठता है। शिव पुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला ग्रंथ है। हमें इसे सुनकर अपने घरों को शिवमय बनाना चाहिए। शिवपुराण कथा में अनिल सिंह, शत्रुघ्न तिवारी, मिथिलेश पांडेय, अरुण तिवारी, रमाकांत सिंह, ममता देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव आज

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के झारखंड अध्यक्ष का चुनाव रविवार को पुराना विधानसभा के सभागार में होगा। इसमें वर्तमान और पूर्व विधायक-सांसद भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी अखिल भारतीय धोबी महासंघ के उपाध्यक्ष बालगोविंद राम ने दी।

# रांची बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरे बंद समर्थक, टायर जला कर किया प्रदर्शन

## कहीं सड़क पर ही खाना पका कर जताया विरोध, तो कहीं चौक-चौराहों पर दिया धरना

आजाद सिपाही टीम

**नामकुम/मांडर/चान्हों/कांके/नगड़ी।** झारखंड के प्रमुख त्योहार सरहुल से पहले आदिवासी समाज में आक्रोश बढ़ गया है। राजधानी रांची के सिरमटोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर के रैंप निर्माण को लेकर आदिवासी संगठनों ने शनिवार को रांची बंद का आह्वान किया। इस दौरान लोवाडीह, टाटीसिलवे, नामकुम बाजार, तुपुदाना, महिलौंग और रामपुर रिंग रोड सहित कई इलाकों में आदिवासी संगठनों के सैकड़ों बंद समर्थक सड़कों पर उतरे। जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरना स्थल से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी। साथ ही सरकार से फ्लाईओवर रैंप के निर्माण पर पुनर्विचार करने की मांग की। उनका कहना है कि सिरमटोली सरना स्थल आदिवासी समाज की आस्था का प्रतीक है, जहां हर साल हजारों लोग सरहुल पर्व के दौरान





एकत्र होते है। फ्लाईओवर रैंप के कारण वहां तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा, जिससे धार्मिक परंपराओं का निर्वहन बाधित होगा। हालांकि, प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रही, लेकिन उन्होंने जाम हटाने की कोशिश नहीं की। प्रशासन ने आदिवासी संगठनों से शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने और जनता को अनावश्यक परेशानी ना पहुंचाने की अपील की। इधर, आदिवासी संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और उग्र रूप देंगे। दूसरी ओर, सिरम टोली सरना स्थल के पास फ्लाओवर रैंप निर्माण के विरोध में शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा रांची बंद का किया गया था जिसका असर रांची और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखा गया। राजधानी रांची में विभिन्न चौक चौराहों पर आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग कर चक्का जाम किया गया। पिस्कामोड, कटहल मोड और रिंग रोड पर गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग 39 मांडर थाना के समीप आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग कर रोड जाम कर दिया। सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक सड़क पर प्रदर्शन करते रहे, जिस कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। पुलिस के समझाने के बावजूद लोग जाम स्थल से नहीं हट रहे थे। सड़क पर ही खाना बनाकर खाया और प्रदर्शन किया।

### सड़क जाम की

आदिवासी संगठनों की ओर से शनिवार को मुख्य सरना स्थल रांची के सिरमटोली में रैंप निर्माण के विरोध में बुलाए गए बंद का कांके क्षेत्र में आंशिक असर दिखा। हालांकि सुबह सात बजे से ही बड़ी संख्या में बंद समर्थक अलग-अलग जगहों पर एकत्र होकर आवागमन बाधित कर दिये। उन्होंने कांके चौक, बोड़ेया चौक, नगड़ी आदि जगहों पर जाम लगाया। जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ईद को देखते हुए खरीददारी के लिए बाजार जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, कांके में मानसिक रोगियों को इलाज कराने आने वाले अभिभावकों और मरीजों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि डीएसपी अमर कुमार पांडेय और इंस्पेक्टर सुशील कुमार सुबह से ही पुलिस बलों के साथ सक्रिय रहे। इस कारण लोगों को ज्यादा देर तक परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। सुबह 11 बजे के बाद से स्थिति सामान्य हो गई। बंद के दौरान समर्थकों ने सरकार विरोधी नारे भी लगाया और अपना आक्रोश जताया। वहीं, रांची बंद का नगड़ी थाना क्षेत्र में भी खासा असर दिखा। शनिवार सुबह से ही जगह-जगह बंद समर्थक सड़कें जाम करने पहुंचे थे। कई चौक पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। रांची बंद के दौरान रांची-गुमला राजमार्ग पर नगड़ी थाना क्षेत्र के नगरी नारो बाजार, सतीश चौक, सपारोम चौंक, लाल गुटवा ओवर ब्रिज, रिंग रोड, बलालोंग चौक के पास आने-जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया। वहीं, बंद को लेकर नगड़ी प्रशासन भी अलर्ट मोड में रही। नगरी सीओ राजेश कुमार, थाना प्रभारी साहित्य अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी जगह-जगह स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

उपायुक्त ने सीएसआर और जिला उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक की

# विद्यालय के लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन की ओर से सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) मामलों और जिला उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में खनन क्षेत्रों में हिंडाल्को द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने जल मीनार निर्माण, विद्यालय मरम्मत, सहित अन्य सीएसआर मद से किये जा रहे कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने माइनिंग क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दो माह के अंदर कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, चैरापाठ आवासीय विद्यालय के लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने की बात कहीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की सुविधा नहीं है, उपायुक्त द्वारा हिंडाल्को को पानी की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को द्वारा किसनों को बगवानी के लिए चिहिंत लाभुकों का सूचि तैयार कर जिला उद्यान पदाधिकरी को देने का के लिए हिंडाल्को को निर्देश दिया गया।

**जिला उद्योग विभाग की समीक्षा**

उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, पीएमएफएमइ, पीएमइजीपी योजना पर चर्चा किया गया। उन्होंने अधिकतम युवाओं को रोजगार से जोड़ने और तय लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, खनन पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, एलडीएम, अंचल अधिकारी (घाघरा और विशुनपुर), हिंडाल्को के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बज्म-ए-रब्बानी ने किया मरीजों के बीच इफ्तार पैकेट का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बज्म-ए-रब्बानी कमेटी के द्वारा सदर अस्पताल में मरीज के बीच इफ्तार पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर बज्म-ए-रब्बानी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज रब्बानी उर्फ पप्पू ने बताया कि रमजान रहमतों का महीना है और इफ्तार अल्लाह की रहमत है। इस रहमत पर किसी धर्म विशेषाधिकार नहीं है। अल्लाह की रहमत सबके लिए है। वही कमेटी के सचिव आमिर रब्बानी उर्फ साहेब ने कहा कि रब्बानी कमेटी के द्वारा मरीज के बीच इफ्तार पैकेट का वितरण कर के वे खुशी की अनुभूति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीज के दिल की दुआओं से दिल को सुकून मिलता है। मौके पर बज्म-ए-रब्बानी कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद हसन रब्बानी, मोहम्मद कौसर आलम, तहसीन रब्बानी, अधिवक्ता खुर्शीद आलम, शादाब आलम, मोहम्मद उस्मान खान, छोटू रब्बानी, मोहम्मद अखलाक रब्बानी, सहित काफी संख्या में कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## चर्म और कुष्ठ रोग के विशेषज्ञ डॉ संदीप आज गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 23 फरवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड और कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

## भंवरा के काटने से अलग-अलग स्थानों से तीन लोग घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला के अलग-अलग स्थानों में भंवरा के काटने से दो युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। शनिवार की अपराह्न 4 बजे सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है। पहली घटना गुमला शहर से सटे फसिया गांव की है, जहां भंवरों ने फसिया निवासी 24 वर्षीय शिवा बड़ाइक और 28 वर्षीय अनु बड़ाइक पर हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक उनके घर के समीप एक आम के पेड़ में भंवरों ने पांच-छह दिन से एक पेड़ की डाली में आश्रय बनाया था। घर के समीप दोनों भाई खड़े थे भंवरों ने दोनों भाइयों पर आक्रमण कर दिया और उनके चेहरे को भंवरे काटने लगे। चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग आये और कंबल ढककर दोनों को घर के अंदर ले गये। वहीं दूसरी घटना सिलाफारी गांव की है जहां 40 वर्षीय सरिता देवी गांव के समीप बगीचा की और बकरी चराने गयी थी, तभी पीपल के पेड़ से भंवरों का झुंड महिला पर आक्रमण कर दिया। घायल महिला को परिजन तत्काल सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है।

# एनसीसी कैडेट्स ने दिया जल संरक्षण का संदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विश्व जल दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने एएनओ अभिजीत झा के मार्गदर्शन में पोस्टर के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया और जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताया। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि हमें ग्लोबल वार्मिंग, गिरते भूजल स्तर, पृथ्वी की घटती हरियाली के बारे में गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। यह एक ऐसी जिम्मेदारी है जिससे हम बच नहीं सकते क्योंकि पृथ्वी और हमारा अस्तित्व इस पर निर्भर करता है। सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने कहा कि यदि हमें जल की असाधारण आवश्यकता को पूरा करना है तो उसके अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण पाना होगा। इस अवसर पर कैडेट्स के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही कैडेट्स ने नीमटोली और आस पास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया और स्वयं भी जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस अभियान में कैडेट समर चौरसिया, श्रेयस शौर्य, अभिज्ञान प्रकाश, सूर्यांश केसरी, रत्नेश कुमार केसरी, प्रीतम उरांव, शौर्य प्रसाद, शिव कुमार गुप्ता, अभिजीत कुमार, रानी उरांव, खुशी कुमारी, सौम्या कच्छप, रितु कुमारी,अपेक्षा उरांव, एंजेलिना मिंज, अपूर्वा, समीक्षा उरांव आदि ने भाग लिया।

## तीन दिवसीय पंचायत स्थाई समिति का प्रशिक्षण संपन्न



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर सभागार में चल रहे तीन दिवसीय पंचायत स्थाई समिति का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को स्थाई शासन प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन, विकास योजनाओं और सरकारी नीतियों की विस्तृत जानकारी देना था। वही जेआइटीएम संस्था से आये प्रशिक्षक अरुण कुमार पांडे और सौम्या पाल ने पंचायत राज अधिनियम, ग्रामीण विकास योजनाओं, पारदर्शिता, अनुशासन और जनहित कार्य योजनाओं के प्रभावी क्रिया में मार्गदर्शन दिया। साथ ही यह भी बताया कि पंचायत की स्थाई समितियां ग्रामीण विकास की रीढ़ है और इस तरह के प्रशिक्षण से उनकी क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने पंचायत में निष्पक्ष और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मौके पर मुखिया विनीता कुमारी, अंगनी उरांव, चांदनी देवी, यशमनी देवी, सोमारी देवी, रानी उरांव, राजेश बधाई सहित कई पंचायत के मुखियां पंचायत सचिव वार्ड सदस्य स्थाई समिति के सदस्य उपस्थित।

## हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा और कुरकुरा थाना क्षेत्र के हत्या के दो आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला के आदेश पर कामडारा थाना के द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे वर्षो से फरार चल रहे हत्या के दो फरार वारंटी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों में अजित सुरीन-पिता पांडु सुरीन गांव कुलबुरु थाना कुरकुरा का नाम शामिल हैं। जो वर्ष 2014 से फरार चल रहा था। साथ ही रघु केरकेट्टा-पिता सावना केरकेट्टा गांव बड़काटोली रेडवा थाना कामडारा को भी पुलिस ने धर दबोचा है। यह वारंटी वर्ष 2012 से फरार था।

## तेली साहू महासंगठन की राष्ट्रीय बैठक में झारखंड से 11 सदस्यीय टीम होगी शामिल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** तेली समाज की कुलदेवी मां कर्मा देवी जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में आगामी 24 और 25 मार्च को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की अखिल भारतीय स्तर की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक हो रही है। इस बैठक की मेजबानी मध्यप्रदेश राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन कर रही है। इस कार्यक्रम के साथ में ही तेली समाज के तत्वावधान में 200 जोड़े की सामुहिक विवाह का भी भव्य तैयारी की गयी है। इस बैठक में 23 मार्च दिन रविवार को उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड प्रदेश से समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश भी प्रस्थान करेंगे। इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से गुमला से प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कुमार, रांची से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू, धनबाद से प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विकास कुमार साहू, हुसैनाबाद (पलामू) से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार साहू, बोकारो से जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, ये सभी अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ छिंदवाड़ा जा रहे हैं।

## रायडीह के सभापति ने प्रखंड के कई स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायडीह (आजद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग के सभापति हिमांशु कुमार गुप्ता ने शनिवार दिन के 2 बजे प्रखंड के मांझा टोली, कटकाया, कांसीर, बिरकेरा , सुरसांग और सलकाया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मांझा टोली कांसीर सुरसांग और सलकाया का स्वास्थ्य केंद्र बंद पाया गया। जिसकी सूचना सभापति ने चिकित्सा पर प्रभारी रायडीह को दी और उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की इतनी बड़ी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसे कर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।




















































## मंत्री योगेंद्र प्रसाद की पहल पर पीड़ित परिवार को मिला मुआवजा



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के निर्देश पर गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के तुलबुल सूंडी टोला निवासी गुलाब साव को बिजली विभाग ने पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया। पूर्व विधायक बबीता देवी ने पांच लाख रुपये का चेक गुलाब साव को सौंपा। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या को दूर करना और उनकी सेवा करना हमारी प्राथमिकता है। बता दें कि गुलाब साव के बेटे की मौत साल 2023 में करंट लगने से हो गई थी। उसी समय बिजली विभाग ने पांच लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही थी। हालांकि अब तक परिजनों को मुआवजा की राशि नहीं मिली थी, जिससे वे काफी परेशान थें। इसकी जानकारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद को हुई, तो उन्होंने त्वरित पहल करते हुए विभागीय अधिकारियों को तुरंत मुआवजा देने का निर्देश दिया। इस मौके पर झामुमो कार्यकर्ता मुकुंद साव भी उपस्थित थे।

## माहुरी समाज ने की मां मथुरासिनी की पूजा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** माहुरी समाज भवन में शनिवार को माहुरी समाज की कुलदेवी मां मथुरासिनी की पूजा धूमधाम से की गयी। मां मथुरासिनी का भव्य दरबार सजाया गया था, जिसमें पूजा करने बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे पहुंचे थे। इसमें धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी भी पहुंची और पूजा कर धनबाद और बाघमारा की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना की। दोपहर एक बजे महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रजनीश गुप्ता, संदीप गुप्ता, सौरभ भदानी, गिरिडीह महामंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नीरज गुप्ता, बबलू गुप्ता, माहुरी महिला समिति की अध्यक्ष शिखा गुप्ता, शालिनी सेठ, रुची गुप्ता, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, संगीता गुप्ता, माहुरी वैश्य मंडल की उपाध्यक्ष शालिनी गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, संगीता गुप्ता, रेणू सेठ, अर्चना गुप्ता, सोनी गुप्ता, चंचल गुप्ता, रौनक गुप्ता, राजेश गुप्ता और ममता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से हुई मां शीतला की पूजा, उमड़ी भीड़



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** वीरसिंहपुर में मां शीतला देवी की पूजा धूमधाम से की गई। इसमें धनबाद सहित अन्य जिलों से आए श्रद्धालु निरसा पहुंचे और मां शीतला देवी की भक्ति भाव से पूजा की। यह पूजा विगत 100 सालों से भट्टाचार्य परिवार की ओर से आयोजित की जा रही है। भट्टाचार्य परिवार के सदस्य एस भट्टाचार्य ने बताया कि हमारे पूर्वजों के समय से यह पूजा चली आ रही है। उसी परंपरा को निभाते हुए सभी इस पूजा को चैत्र मास के अष्टमी के दिन धूमधाम से मनाते आ रहे है। भट्टाचार्य परिवार ने बताया कि हमारे पूर्वज यजमानों के घर जाकर पूजा करते थे। एक दिन यजमानों के घर जाने के बाद रास्ते में अपनी बग्घी को रोक कर शौच करने चले गए। जब वापस आया तो देखा कि एक देवी उनके घोड़े के पास खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आप अपने घर में मां शीतला देवी की स्थापना करें और नित्य उनकी पूजा करें। ऐसा करने से आपके परिवार के साथ ही आपके क्षेत्र के भी हर श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होगी। इतना कहकर वह देवी अंतर्ध्यान हो गई। तभी से भट्टाचार्य परिवार ने अपने घर में मां शीतला देवी की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा शुरू किया। आज भी बड़ी आस्था के साथ लोग यहां पहुंचकर मन्नतें मांगते हैं, जो जल्द ही पूरी भी हो जाती है। इस कारण धनबाद ही नहीं, पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालू पूजा करने आते हैं। ऐसी परंपरा है कि माता शीतला पूजा के दिन लोगों के घर में चूल्हा नहीं जलता है। एक दिन पहले ही पकवान बना लिए जाते हैं। बिरसिंहपुर में तड़के तीन बजे से मंदिर के पट खोल दिया जाते हैं और श्रद्धालु हजारों की तादाद में उपस्थित होकर मां शीतला की पूजा करते हैं।

### हंगामा: योजना की राशि पाने के लिए अंचल कार्यालय में उमड़ी भारी भीड़

# मंईयां सम्मान की राशि के लिए भिड़ी महिलाएं, बुलानी पड़ी पुलिस

**धनबाद की 51 हजार से अधिक महिलाएं अब भी मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित, राशि नहीं मिलने से बढ़ता जा रहा है आक्रोश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित महिलाएं उक्त राशि पाने को लेकर धनबाद अंचल कार्यालय में भारी संख्या में पहुंच रही हैं। इस दौरान छोटी-छोटी बातों को लेकर महिलाओं के बीच मारपीट भी हो जा रही है। बतातें चलें कि धनबाद में 51 हजार से अधिक महिलाओं को अभी तक मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिली है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार की सुबह से ही अंचल कार्यालय के बाहर सैकड़ों महिलाएं कागजात के साथ कतार में खड़ी नजर आयीं। कई महिलाएं सुबह सात बजे ही पहुंच गयी थीं। इस दौरान कुछ महिलाओं में जमकर मारपीट भी हो गयी। बीच बचाव के लिए सदर थाना पुलिस को आना पड़ा, तब जाकर हंगामा शांत हुआ। वहीं, कई महिलाएं व्यक्तिगत कारणों से कार्यालय नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में उनके परिवार के पुरुष सदस्य उनकी जगह कतार में खड़े होकर कागजात ठीक कराने में जुटे दिखे। भीड़ और हंगामे की सूचना पर पुलिस को बुलाया पड़ा। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं, लाभार्थियों का कहना है कि पहले चार किस्तें मिलने के बाद इस बार उन्हें राशि नहीं मिली है। जबकि कुछ महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अभी तक एक भी किस्त नहीं मिली है।



अंचल कार्यालय में आपस में झगड़ती महिलाएं।

## एजुकेशनिस्ट मीट का आयोजन आज शामिल होंगे वाइस चांसलर-कुलसचिव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर रोड कोला कुसमा स्थित जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की ओर से शनिवार को प्रेस वार्ता की गयी। इसमें इंस्टीट्यूशनस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले एजुकेशनिस्ट मीट में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसडब्ल्यू डिग्री कॉलेज के वॉइस चांसलर प्रोफेसर राम कुमार सिंह के अलावा धनबाद जिले के सभी प्लस 2 स्कूल के प्राचार्य, कोयलांचल विश्वविद्यालयों के कई प्राध्यापक आदि को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य मुख्य उद्देश्य जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में जितने भी नर्सिंग और फार्मेसी के कोर्सस संचालित हो रहे हैं इन सभी कोर्सेज से वाइस चांसलर और स्कूल के सभी प्राचार्यों को अवगत कराना और उसे और बेहतर करने के लिए उनका बहुमूल्य सुझाव लेना है। साथ ही हमारे कॉलेज के क्वालिफाइड शिक्षकों के सानिध्य में संचालित कोर्सस, लैब फैसिलिटी, फूडिंग, लॉजिंग, पुख्ता सिक्योरिटी व्यवस्था से धनबाद सहित अन्य जिलों के सभी प्लस 2 के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक अवगत हो, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को फार्मेसी और नर्सिंग कोर्सेज के लिए ज्यादा खर्च कर बाहर राज्यों में जाने की जरूरत ना हो। वहीं, जेपी हॉस्पिटल जेपी ग्रुप आफ इंटीट्यूशंस के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने बताया की कॉलेज बनाना एक सपना था जो हमने सुव्यवस्थित ढंग से बनाकर संचालित किया और अब मुख्य अतिथि वॉइस चांसलर समेत प्लस 2 के सभी प्राचार्यों, अभिभावकों की राय से जेपी ग्रुप ऑफ इंटीट्यूशन को और उन्नत एवं अपडेट कर राज्य का नंबर वन कॉलेज बनाने का सपना है। प्रेस वार्ता में जेपी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशनस का डायरेक्टर प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल, नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फार्मेसी की प्राचार्या, नीलम सिंह उपस्थित थी।

## पेंशन हम लोगों का अधिकार, इस पर आक्रमण बर्दाश्त नहीं : हेमंत मिश्रा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीमा पेंशनर संघ हजारीबाग मंडल का 11वां वार्षिक सम्मेलन शनिवार को धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित आईसीए हॉल में संपन्न हुआ। इसमें विगत अवधि में किए गए आंदोलनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। संगठन के महामंत्री नरेश प्रसाद श्रीवास्तव ने वार्षिक रिपोर्ट पेश किया। जिसपर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किय। साथ ही केंद्र सरकार से मांग की कि पूरे देश भर मे पुरानी पेंशन नीति को फिर से लागू करें। वहीं, इस दिन के सम्मेलन में एलआईसी के प्रबंधन से मांग की गई कि पेंशन का पुनरीक्षण हर पांच साल पर किया जाय। अपने संबोधन में एलआईसी वर्ग एक संघ के मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एलआईसी जैसी मजबूत संस्थान को पूर्व के कर्मियों का पूर्ण सहयोग मिला है। आज एलआईसी की परिसंपत्ति 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। पर सरकार की ओर से बीमा अधिनियम 2024 के माध्यम से एलआइसी को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। इसका विरोध किया जायेगा। वहीं, विकास अधिकारी संघ के मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने कहा कि एलआईसी को मजबूत बनाना देश हित में अत्यावश्यक है। बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री जगदीश चंद मित्तल ने कहा कि एलआईसी पेंशन प्रणाली सुचारू रूप से जारी रखने के लिए नई बहाली बहुत ही जरूरी है। जबकि बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि पेंशन हमारा अधिकार है। इस पर आक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुदीप चटर्जी ने किया। इसमें आगामी अवधि के लिए सुदीप चटर्जी, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव एवं चंद्रशेखर प्रसाद को सर्वसम्मति से क्रमशः अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसमें हजारीबाग, बोकारो, रामगढ, धनबाद, चिरकुंडा, गिरिडीह, कतरास एवं सिंदरी के लगभग 120 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जियाउर रहमान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पोकलेन सहित गिरा पुल, बड़ा हादसा टला



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** मनोहरटांड़ स्थित हिरक पथ पर पुल निर्माण कार्य के दौरान पोकलेन मशीन पुल के नीचे गिर गई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, चालक को ग्रामवासियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वह पूरी तरह स्वस्थ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पहले से ही क्षतिग्रस्त था, जिसका निर्माण कार्य जारी है। पोकलेन मशीन पुल पर काम कर रही थी, तभी अचानक पुल का एक हिस्सा ढह गया और पोकलेन नीचे गिर गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्रामवासियों ने प्रशासन से इस पुल के जल्द से जल्द पुनर्निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो। फिलहाल, मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।


# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी<br>कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 27.03.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक 29.03.2025 समय 03:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.03.2025 समय 04:00 बजे अपराहन तक |
| 6 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 9 | कार्य की विस्तृत विवरणी – | |

Name of Work: Construction of Toilet at Anganwari Center of Different Blocks of District- Chatra Under D.W.&S. Division, Chatra on "TurnKey Basis" for the Year 2025-26 (Social Welfare Fund)

| | ग्रुप संख्या | शौचालय की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | AWC/TOILET/CTR/GR-01 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| II | AWC/TOILET/CTR/GR-02 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| III | AWC/TOILET/CTR/GR-03 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| IV | AWC/TOILET/CTR/GR-04 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| V | AWC/TOILET/CTR/GR-05 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| VI | AWC/TOILET/CTR/GR-06 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| VII | AWC/TOILET/CTR/GR-07 | 30 Nos. | 10.62270 | 0.21500 | 2500/- | 01 Month |
| VII | AWC/TOILET/CTR/GR-08 | 24 Nos. | 8.49816 | 0.17000 | 1250/- | 01 Month |

नोट – निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 349040 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय, चतरा

भर्ती–कैम्प, दिनांक– 25.03.2025

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक–25.03.2025 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 04:00 बजे तक निम्न कम्पनियों की रिक्यिों के विरूद्व द्वारा निम्न पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/ Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Acme Education Solution Pvt.Ltd | General Duty Assistant Trainer | 12 | GNM/ANM/ B.Sc.Nursing | 18-35 | B.sc. (Nursing) with 4 Year of experience GNM/ANM with 3 years of experience | Dhanbad/Chatra/Ranchi /Gumla | 12K-15K |
| | | Assistant-Electrician Trainer | 10 | ITI Electrician and Wireman/ Graduate/12th pass | 18-35 | Degree in Electrical Engineering with 2 year experience in relevant field. | Itkhori Chatra/Gumla/ Ranchi | 10K-12K |
| | | Sampling Tailor Trainer | 12 | ITI/Diploma/ AMT, from NIFT, or any other Polytechnic/ institute in the core subject. | 18-35 | 3 Year Experience | Ranchi/Gumla/ Chatra/Itkhori | 10K-12K |
| | | Food Processing (Multi Skill Technician) Trainer | 04 | Hotel Management | 18-35 | 2 Year Experience agro Department/ Civil Department | Gumla/Ranchi | 10K-12k |
| | | Computer Operator | 10 | Graduate any stream & ADCA Diploma/BCA | 18-35 | 1 Year Experience | Chatra/Ranchi | 10K-12K |
| | | Computer Teacher and Spoken English | 10 | Graduate any steam | 18-35 | 1 Year Experiene Teaching | Chatra/Ranchi/Itkhori/L atehar/ Hunterganj/pratappur/ Kanhachatti/Gidhour | 8K-10K |
| 02 | RVPR Construction Pvt.Ltd | Supervisor | 1 | Matric Pass With ITI Certificate Any Recognized Board In India | 18-30 | 5-6 Years | NTPC Tandwa, Chatra | 739 रू/Day |
| | | Welder | 2 | | 18-35 | 5 Years | | 739 रू/Day |
| | | Rigger | 3 | N/A | | | | 614 रू/Day |
| | | Gas-Cutter | 3 | | | | | 739 रू/Day |
| 03 | Mata Janki Concrete Pvt.Ltd | Billing Engineer (Civil) | 1 | B.Tech Holder only | Minimum 26 years | Minimum 3 Years | NKSTPP Tandwa Chatra | 25000-30000 Approx |
| | | Site Engineer (Civil) | 1 | B.Tech Holder only | Minimum 26 years | Minimum 3 Years | NKSTPP Tandwa Chatra | 22000-27000 Approx |
| 04 | M/S Shree Ganpati Dona Plate | Helper | 05 | NA | 18 | -No- | Chatra | 6,750 /- |
| 05 | M/S Bhawani Eractors (P) ltd | Rigger Foreman | 2 nos | Matric Pass With ITI at any Recognized University/Board | 30 to 55yrs | 5 yrs and above | NTPC, Tandwa Chatra | 739 रू/Day |
| | | Mig welder | 3 nos | | 25 to 55 yrs | 5 yrs and above | NTPC, Tandwa | 739 रू/Day |
| | | Fabricator | 3 nos | | 25 yrs to 61 yrs | 3 yrs & above | Chatra/Anywhere at India at our site | 739 रू/Day |
| | | Lift operator | 2 nos | ITI With E. Eng trade | 21 yrs to 50 yrs | 3 yrs & above | Anywhere at our Site In India | 614 रू/Day |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व में झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नही हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा **https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/** पर अपना निबंधन कराते हुए एक दिवसीय भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों ,उसकी एक छाया प्रति , अपना बायोडाटा (2 कॉपी) नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र की प्रति के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नही हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए सिर्फ नियोजक ही उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा हैं एवं चयन में नियोजनालय की कोई भूमिका नही होगी। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय भर्ती कैम्प में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकतें।

**नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।**

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनलाय, चतरा

**PR 349054 Labour Employment and Traning(24-25)#D**


### दामोदर नदी और झारखंड की मूल समस्याओं पर विचार गोष्ठी आयोजित

# इंडस्ट्रीज और फैक्ट्रियां आज भी नदियों को कर रही प्रदूषित : पीएस शारदा

### कोयलांचल में आउटसोर्सिंग कंपनियं प्राकृतिक संसाधनों को कर रही तहस-नहस : शत्रुघ्न झा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड किसान विकास संघ के बैनर तले पुटकी बलिहारी क्षेत्र के श्रमिक क्लब में शनिवार से दो दिवसीय विचार गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। जिसकी अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र रवानी और संचालक संजय कुमार ने किया। गोष्ठी में पहले दिन झारखंड किसान विकास संघ की ओर से पूर्व में जल, जंगल, जमीन के विषय पर किए गए कार्यों को प्रस्तुत किया गया। इसमें दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए किए गए कार्यों पर पुनर्विर्ति हुई। भूदान आंदोलन में भूमिहीनों को दान स्वरूप जमीन दिलाया गया था। वर्तमान समय में झारखंड सरकार द्वारा उक्त जमीनों की लगान नहीं काटी जा रही है, जिस कारण लोगों में आक्रोश है। गोष्ठी में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता पीएस शारदा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा कि नदियों को आज भी इंडस्ट्रीज एवं फैक्ट्रियां प्रदूषित कर रही हैं। करोना काल में फैक्ट्री और इंडस्ट्रीज बंद रहने से नदियां साफ हुई थी। लेकिन उन फैक्ट्रीयों और नदियों के फिर से चालू होने से नदियां फिर से प्रदूषित होने लगी है। इसके लिए लोगों को जगह-जगह जागरूक करना होगा। वहीं, शत्रुघ्न झा ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से किसान को अलग नहीं किया जा सकता है। जल, जंगल और जमीन को बचाना सृष्टि को बचाना है। किसान के विकास के लिए संगठित होकर काम करने की जरूरत है। वर्तमान समय में कोयलांचल में आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों को तहस-नहस किया जा रहा है, जिसको रोकना आवश्यक है। वहीं, गीता देवी ने कहा कि गांधीवादी विचारधारा से संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर महिलाओं के उत्थान के लिए काम करना है। आगे उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। वहीं, विचार गोष्ठी के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र रवानी ने झारखंड में व्याप्त मूल समस्याओं के समाधान के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। कहा कि केवल सरकार पर निर्भर रहने से काम नहीं होगा। खुद आगे आने की जरूरत है। इस दौरान मगधेश कुमार, योगेश्वर महतो, छवि कुमारी, शिबू मुर्मू, उमेश ऋषि, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, रामरतन राम, सुनीता कुमारी, मनोज कुमार, मनोहर बाउरी, मोहम्मद रजाक, महेश महतो, संजय कुमार, पूजा कुमारी, बाकू कोड़ा आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# बिजली खरीदने के लिए हर माह 375 करोड़ रुपये भुगतान करता है टीपीडब्ल्यूओडीएल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुर्ला।** टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) बिजली के बुनियादी ढांचे में निरंतर सुधार और पश्चिमी ओड़िशा के लोगों को निर्बाध, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति प्रदान करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जारी रखता है। इन सभी प्रतिमान बदलावों के लिए बिजली उपभोक्ताओं समेत सभी से नियमित सहयोग की आवश्यकता है। बिजली वितरण मानक को बनाये रखने और वर्तमान स्थिति से इसे और बेहतर बनाने के लिए बिजली बिलों का नियमित भुगतान बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि मासिक बिल संग्रह उत्पादन से लेकर पारेषण और वितरण तक की पूरी मूल्य श्रृंखला के लिए राजस्व का एकमात्र स्रोत है।

हम सभी उपभोक्ताओं और आम जनता को सूचित करना चाहते हैं कि टीपीडब्ल्यूओडीएल बिजली खरीदता है और राज्य के स्वामित्व वाले सार्वजनिक उद्यम ग्रिडको को हर महीने लगभग 375 करोड़ रुपये का भुगतान करता है, जिसे फिर पश्चिमी ओड़िशा के नौ जिलों में वितरित किया जाता है। खरीद करने के लिए पूरी राशि हर महीने महीने की शुरुआत में अग्रिम भुगतान की जाती है। इसके अलावा, टीपीडब्ल्यूओडीएल हर महीने के आखिरी कार्य दिवस पर 3,335 प्रत्यक्ष कर्मचारियों को मासिक वेतन देकर अपने कर्मचारियों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करता है। इसके अलावा 4,315 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को पेंशन का भुगतान किया जाता है। टीपीडब्ल्यूओडीएल 15,541 अप्रत्यक्ष कर्मचारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में भी गर्व महसूस करता है।

कंपनी स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा, भविष्य निधि योगदान और विभिन्न अन्य लाभों के माध्यम से अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को भी कायम रखती है। इसके अलावा, टीपीडब्ल्यूओडीएल अपने फंड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आवश्यक परिचालन लागतों को कवर करने के लिए आवंटित करता है, जिसमें कार्यालय के बुनियादी ढांचे, आधुनिक मशीनरी, वाहन और बिजली के उपकरण शामिल हैं, ताकि सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। ओइआरसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, उपभोक्ताओं को छूट और कृषि क्षेत्र को छूट प्रदान की जाती है। इस क्षेत्र में हर महीने करोड़ों का कारोबार होता है। ये सभी खर्च हमारे उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों के समय पर भुगतान से ही संभव हो सकते हैं। हम सभी उपभोक्ताओं से आग्रह करते हैं कि वे बिजली के बुनियादी ढांचे में नियमित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए नियत तारीख तक अपने बिजली बिलों का भुगतान करना जारी रखें।

# घोड़थंभा में पीड़ित परिवार से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

## निर्दोष पर कार्रवाई न हो : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** होली के दिन हुए दो गुटों के बीच हिंसक झड़प की घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शनिवार को घोड़थंभा पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवार से बात करते हुए उन्होंने पूरी आपबीती सुनी। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि निश्चित तौर पर पूरी घटना दुखद है। उन्होंने पीड़ित परिवार को यह आश्वासन दिया कि आप लोगों के साथ हम लोग हमेशा खड़े और किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने खोरीमहुआ के एसडीएम अनिमेष रंजन और एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के साथ भी बैठक की। इस दौरान उन्होंने अभी तक हुए कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी लेते हुए कई निर्देश दिये।

बैठक के दौरान भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई न हो। उन्होंने निष्पक्ष जांच की बात कही।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल ओड़िशा आयेंगी

## कमिश्नरेट पुलिस ने जारी किये ट्रैफिक प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 तारीख को ओड़िशा आ रही हैं। राष्ट्रपति ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा उपाय के रूप में यातायात प्रतिबंध लगा दिये हैं। 24 तारीख को शाम 5.25 बजे से शाम 6.05 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। एयरपोर्ट स्क्वायर-हॉस्पिटल स्क्वायर, एजी चौक से लेफ्ट मोड से राजभवन तक की सड़कें बंद रहेंगी। यात्रियों को उपरोक्त मार्गों के बजाय वैकल्पिक मार्ग लेने की सलाह दी गयी है। इसी तरह, 25 तारीख को सुबह 8.50 बजे से 9.20 बजे तक प्रतिबंध लगाये गये हैं। राजभवन चौक-एजी चौक, दहनमोड अस्पताल चौक, हवाई अड्डा चौक के बीच देरी से बचने के लिए इस सड़क पर नहीं जाने की सलाह दी जाती है।

# प्रकृति संसाधन नहीं, विरासत है, संरक्षित करना आवश्यक : विजया भारती सयानी

- पंजाब में प्रकृति आस्था, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बठिंडा।** पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी प्रकृति आस्था, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार संबंधी चुनौतियां का समापन 21 मार्च को हुआ। इस संगोष्ठी का आयोजन डॉ आंबेडकर पीठ द्वारा कुलपति प्रो राघवेंद्र प्रसाद तिवारी के संरक्षण में किया गया। समापन सत्र में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की माननीय सदस्य विजया भारती सयानी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं, जबकि हरिभूमि के संपादक शंभु भद्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विजया भारती सयानी ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक और समुदाय-आधारित प्रयासों की मांग करता है। प्रकृति को संसाधन की तरह दोहन करने के बजाय विरासत के रूप में संरक्षित करना आवश्यक है। वहीं, विशेष अतिथि शंभु भद्र ने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने हरित प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु नागरिकों को प्रेरित किया है। इस संगोष्ठी का उद्घाटन मेग्सेसे पुरस्कार विजेता डॉ राजेंद्र सिंह, यूएनडीपी के डॉ इयाद अबूमोगली, दैनिक जागरण के कार्यकारी संपादक विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, जर्मनी के प्रसिद्ध विद्वान डॉ उलरिच बर्क सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की संबोधन के साथ हुआ।

## इंजीनियर के पानी फैक्ट्री और फर्नीचर शोरूम में छापा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** विजिलेंस के जाल में फंसे जूनियर इंजीनियर भीमसेन महारणा। उनके आवास में पानी पाउच की फैक्ट्री और फर्नीचर का शोरूम चल रहा था। यह बात विजिलेंस छापेमारी के दौरान सामने आयी। शुक्रवार की शाम भीमसेन को विजिलेंस द्वारा रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद रात में छापेमारी शुरू हुई। शनिवार को भुवनेश्वर बलियंता प्रखंड के ब्राह्मणषड़ंगी में बेंतपुरशासन में भीमसेन के आवास पर छापे मारे जा रहे हैं। उनके पास लाखों रुपये के साथ आभूषण जब्त किये गये। जानकारी के अनुसार भीमसेन जाजपुर जिले के कुआखिया खंड में जारका ग्रामीण विकास विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

## शिमिलिपाल अभयारण्य दो दिन के लिए बंद रहेगा

**भुवनेश्वर।** काल बैसाखी, भारी बारिश और बिजली गिरने के पूर्वानुमान के कारण और पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिमिलिपाल अभयारण्य 22 और 23 मार्च को बंद रहेगा। शिमिलिपाल बाघ परियोजना के निदेशक प्रकाश चांद गोगिनेनी ने यह जानकारी दी।

# कैंसर उपचार करवा रहे बच्चों को एनटीपीसी ने दिया समर्थन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** अपनी सीएसआर पहल के तहत, एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय (एनआरएचक्यू) ने उत्तर क्लब के सहयोग से लखनऊ के कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान के बाल रोग ऑन्कोलॉजी विभाग में मनोरंजन संबंधी सामग्री वितरित की। इन सामग्रियों में स्मार्ट टीवी, इंडोर गेम्स जैसे कि शतरंज, लूडो, पजल्स, साथ ही एक्टिविटी बुक्स, ड्रॉइंग किट्स और क्ले सेट्स शामिल थे, जो कैंसर का इलाज करवा रहे 20 बच्चों को प्रदान किये गये। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन गतिविधियों में संलग्न कर उनके तनाव को कम करना, चिंता को दूर करना और उनके संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन करना है। यह पहल कैंसर उपचार करा रहे बच्चों को देखभाल और आराम प्रदान करने के साथ-साथ उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास भी है। इस कार्यक्रम के दौरान, उत्तर क्लब की अध्यक्ष विजया राव ने संस्थान के डॉक्टरों और निदेशक प्रो एमएलबी भट्ट से बातचीत की। उन्होंने बच्चों की मदद करने के इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की पहल जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उत्तर क्लब की वरिष्ठ सदस्य नीलकमल और संगीता सिंघा राय, क्लब की सचिव और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एनटीपीसी के प्रतिनिधि, जिसमें सीएसआर प्रभारी, कर्मचारी और अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी शामिल थे, भी इस अवसर पर मौजूद रहे और इस नेक पहल के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। इस अवसर पर, एनटीपीसी-एनआरएचक्यू के सीएसआर विभाग को इस पहल के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

## जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल का हरित पौधरोपण अभियान



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के उपलक्ष्य में जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने 'हरित वृक्षारोपण अभियान' का आयोजन किया। इसमें इसके कर्मचारियों और सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पिछले सप्ताह जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल के संबलपुर कार्यों की मुख्य चारदीवारी के साथ राज्य राजमार्ग 10 पर 2,500 से अधिक पौधे लगाये गये हैं। जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल के उपाध्यक्ष और मानव संसाधन प्रमुख जेपी सिंह ने कहा कि हमारा हरित वृक्षारोपण अभियान पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। आज हम जो भी पौधा लगायेंगे, वह कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भूमिका निभायेगा।

## राज्य पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** त्योहार के दौरान लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। 31 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 6 अप्रैल को श्री राम नवमी, 14 अप्रैल को हनुमान जयंती और महा बिशुब संक्रांति मनायी जायेगी। इस अवसर पर लोगों की सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया की अध्यक्षता में राज्य पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। वर्चुअल बैठक के दौरान डीजीपी खुरानिया ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपरोक्त सभी त्योहार अनुशासित तरीके से मनाये जायें। बैठक में डीजीपी ने उक्त त्योहारों के मद्देनजर पुलिस की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया। डीजीपी ने जिलों में कार्यरत साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे पाट्रोलिंग करने का सुझाव दिया है। बैठक में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वर्चुअल उपस्थित थे।

## बंदूक कारखाने का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक बयालीस मौजा में बंदूक कारखाने के भंडाफोड़ मामले के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने मास्टरमाइंड चगला खूंटिया को कटक के शंकरपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। चगला खुंटिया व्यापारियों के साथ मिलकर बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और झारखंड में बंदूकों की आपूर्ति कर रहा था। इससे पहले जब उन्हें लॉटरी के कारोबार में गिरफ्तार किया गया, तो उन्हें जेल में बंदूक माफिया के संपर्क में आया था। फिर बंदूक को रैकेट के साथ जोड़ गया। चगला के खिलाफ हत्या का मामला भी है। इस घटना में एसटीएफ ने पहले 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। कटक के बयालीश मौजा में अवैध बंदूक फैक्ट्री चल रही थी। विश्वसनीय स्रोतों से सूचना मिलने के बाद एसटीएफ ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 30 से अधिक बंदूकें बरामद की गयीं। घटनास्थल पर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। लंबे समय से यहां अवैध रूप से बंदूकों का निर्माण किया जाता था और राज्य के विभिन्न हिस्सों में आपूर्ति की जाती थी।

# विश्व जल दिवस 2025 का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**हीराकुद।** हिंडाल्को हीराकुद ने जल संरक्षण और ग्लेशियर सुरक्षा की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम ग्लेशियर संरक्षण थी, जिसमें ग्लेशियरों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके तेजी से पिघलने से उत्पन्न चुनौतियों पर विशेष चर्चा की गयी। कार्यक्रम में यूनिट हेड देवाशीष मलिक, एचआर हेड विश्वास सिंधे, स्मेल्टर प्लांट हेड प्रताप साहू, पावर प्लांट हेड अरुण सिंह, और पर्यावरण प्रमुख रंजन जेना उपस्थित रहे। उन्होंने जल संसाधनों के संरक्षण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

इस मौके पर जल संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। नवाचार के माध्यम से जल संरक्षण के लिए समर्पित व्यक्तियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

**युवा कलाकारों की रचनात्मक भागीदारी :** इस आयोजन के दौरान युवाओं ने चित्रकला के माध्यम से जल संरक्षण के महत्व को दर्शाया। ग्लेशियर संरक्षण विषय पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसमें बताया गया कि ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना वैश्विक जल आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। हिंडाल्को ने इस समस्या के समाधान, प्राकृतिक जल भंडारण की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जतायी। हिंडाल्को ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल जल संरक्षण और ग्लेशियर सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि सबको एक स्थायी भविष्य के लिए मिल कर काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है।




# विश्व जल दिवस : वेदांता एल्युमीनियम ने वित्त वर्ष 25 में 16 बिलियन लीटर पानी का पुनर्चक्रण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने वित्त वर्ष 25 में अपने परिचालन में लगभग 16 बिलियन लीटर पानी का पुनर्चक्रण किया, जो इसकी स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। संदर्भ के लिए यह मात्रा लगभग 6,400 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर है। 15% की जल पुनर्चक्रण दर के साथ, कंपनी अपने परिचालन में जल संरक्षण में उल्लेखनीय प्रगति करना जारी रखती है। पिछले एक साल में विभिन्न पहलों के माध्यम से, वेदांता ने भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 81 सामुदायिक तालाबों का जीर्णोद्धार किया है और स्थानीय जल भंडारण में अतिरिक्त 10,000 क्यूबिक मीटर का योगदान करते हुए कम से कम 20 अतिरिक्त कृषि तालाबों का निर्माण करने की योजना बनायी है।

इस वर्ष की थीम ग्लेशियर संरक्षण के अनुरूप, वेदांता मीठे पानी के संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जल संधारणीयता के प्रति वेदांता एल्युमीनियम की प्रतिबद्धता पर टिप्पणी करते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी, सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम मानते हैं कि जल एक बहुमूल्य और साझा संसाधन है जो जीवन, समुदायों और उद्योगों को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है। इस विश्व जल दिवस पर, हम नवीन तकनीकों, कुशल जल प्रबंधन प्रथाओं और महत्वपूर्ण ज्ञान साझाकरण सत्रों जैसे समुदाय-संचालित पहलों के माध्यम से 2030 तक नेट वाटर पॉजिटिव स्थिति प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जागरूकता को बढ़ावा देने और संधारणीय समाधानों को लागू करने के माध्यम से हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे संचालन न केवल जल का संरक्षण करें, बल्कि आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों की भलाई में महत्वपूर्ण योगदान दें।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**